राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 274
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 28 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट — पेज 3 यूपी महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने निक्की हत्याकांड के — पेज 4 गणेश चतुर्थी पर रूट डायवर्जन, इन रास्तों पर जाने से बचें — पेज 6 क्या धोनी आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए खेलेंगे?

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल के बाथरूम में मिली जली हुई छात्रा, मौत

**पटना।** पटना में बुधवार को गर्दनीबाग इलाके के आमला टोला कन्या विद्यालय के बाथरूम में 5वीं की छात्रा की जलकर मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजन और छात्रों ने स्कूल में तोड़फोड़ की। स्कूल के बाहर जाम लगाया, आगजनी भी की गई। हंगामा रोकने आए पुलिस वालों को लोगों ने थप्पड़ भी मारे। परिजन का आरोप है कि बच्ची को कैरोसिन डालकर जलाया गया है। वो सुसाइड नहीं कर सकती है। छात्रा की पहचान दमडीया की रहने वाली जोया परवीन के रूप में हुई है। छात्रा के शरीर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह से झुलस गया था। सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि मौके पर बोतल मिली है।

### भाजपा विधायक ने कलेक्टर पर हाथ उठाया, गाली दी

**भिंड।** भिंड से भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को थप्पड़ मारने के लिए हाथ उठाया। इस दौरान उन्होंने गाली-गलौज की। कलेक्टर ने कहा कि रेत चोरी नहीं चलने दूंगा, इस पर विधायक ने उन्हें ही चोर कहा। समर्थक भी भिंड कलेक्टर चोर है की नारेबाजी करते रहे। दरअसल, विधायक कुशवाह जिले में खाद संकट को लेकर कलेक्टर के बंगले के बाहर धरने पर बैठे थे। वे कलेक्टर से बाहर आकर बात करने की मांग कर रहे थे, लेकिन कलेक्टर ने उनकी बात नहीं सुनी। इस पर कुशवाह भड़क गए। उन्होंने धमकाते हुए कहा कि आज पब्लिक को तुम्हारे घर में घुसेड़ दूंगा।

# भारत कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की दावेदारी करेगा : कैबिनेट की मंजूरी



## 31 अगस्त डेडलाइन; मेजबानी मिलेगी या नहीं फैसला नवंबर में

नई दिल्ली। भारत 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद में करने के लिए दावा पेश करेगा। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने बिडिंग प्रपोजल को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन ने इसे मंजूरी दी थी। अब भारत को 31 अगस्त तक फाइनल बिडिंग प्रपोजल देना होगा। नवंबर के आखिर में यह फैसला होगा कि मेजबानी मिलेगी या नहीं।

कनाडा के रेस से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। पिछले महीने कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के डायरेक्टर डैरेन हॉल की लीडरशिप में एक टीम ने अहमदाबाद में मौजूद आयोजन स्थलों का दौरा किया था। साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट वह संस्था है जो किसी देश को मेजबानी देने का फैसला करती है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स बिडिंग प्रोसेस के लिए 5 स्टेप्स

गेम्स होस्ट करने को इच्छुक शहर (देश) को कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के पास आवेदन करना होता है।
इसके बाद उस देश की नेशनल ओलिंपिक कमेटी प्रस्ताव को मंजूरी देती है।
देश की सरकार से मंजूरी मिलने के बाद फाइनल बिडिंग करनी होती है।
कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अधिकारी होस्ट सिटी और वेन्यू का इंस्पेक्शन करते हैं।
सभी दावेदार शहरों का इंस्पेक्शन करने के बाद कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की जनरल असेंबली फाइनल होस्ट का नाम घोषित करती है।


# आसाराम की जमानत याचिका खारिज, जोधपुर जेल में करना होगा सरेंडर



**नई दिल्ली।** अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा यौन शोषण के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई है। मेडिकल ग्राउंड पर पैरोल पर बाहर आए आसाराम को तीस अगस्त की सुबह 10 बजे तक जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर करना होगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने आज उसकी अंतरिम जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया। हालांकि आवश्यकता पड़ने पर आसाराम दोबारा आवेदन कर सकता है। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की डबल बेंच ने यह फैसला सुनाया है। आसाराम 29 अगस्त को अंतरिम जमानत का समय खत्म हो रहा है। कोर्ट ने अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल से मिली मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने की याचिका को खारिज किया है।


# राहुल बोले- गुमनाम दलों को 4300 करोड़ कहां से मिले

### पूछा- क्या चुनाव आयोग इस चंदे की जांच करेगा या एफिडेविट मांगेगा?




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को गुजरात में गुमनाम राजनीतिक दलों को मिले 4300 करोड़ रुपए के चंदे पर चुनाव आयोग से सवाल किए।
उन्होंने एक रिपोर्ट शेयर कर कहा कि इन 10 पार्टियों ने इतना बड़ा चंदा तो लिया, लेकिन सिर्फ 39 लाख रुपए खर्च दिखाया।
उन्होंने एक्स पर लिखा- गुजरात में कुछ ऐसी अनाम पार्टियां हैं जिनका नाम किसी ने नहीं सुना, लेकिन 4300 करोड़ का चंदा मिला। इन पार्टियों ने बहुत ही कम मौकों पर चुनाव लड़ा है, या उन पर खर्च किया है।
ये हजारों करोड़ आए कहां से? चला कौन रहा है इन्हें?
और पैसा गया कहां? क्या चुनाव आयोग जांच करेगा या फिर यहां भी पहले एफिडेविट मांगेगा? या फिर कानून ही बदल देगा, ताकि ये डेटा भी छिपाया जा सके?
राहुल गांधी इन दिनों बिहार में 16 दिन की 'वोटर अधिकार यात्रा' पर हैं। यह यात्रा 1,300 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करेगी और 20 जिलों से होकर 1 सितंबर को पटना में खत्म होगी। यात्रा में कांग्रेस और आरजेडी नेताओं ने चुनावी सूची में गड़बड़ी और 'वोट चोरी' के आरोप लगाए हैं।

### बाढ



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बाढ़ के बीच छोटा बघाड़ा क्षेत्र का हवाई दृश्य।

### साइबर सुरक्षा पर राष्ट्रीय स्तर का होगा कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** क्वांटम मशीन लर्निंग में स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा देने, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा प्रौद्योगिकी ढांचे को मजबूत करने के लिए अगले महीने दिल्ली में एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रादेशिक सेना परिवर्तन का दशक अभियान के तहत आइआइटी-मद्रास, भारतीय सेना अनुसंधान प्रकोष्ठ और साइबरपीस के सहयोग से इंडियन आर्मी टेरियर साइबर क्वेस्ट 2025 का आयोजन कर रही है। इसमें रक्षा और साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने पर विचार किया जाएगा। साइबर क्वेस्ट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग क्वांटम कंप्यूटिंग और ड्रोन तकनीक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देगा।

# वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 34 हुआ

## चश्मदीद बोले- बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने लगे और सब तबाह हो गया



जम्मू। वैष्णो देवी मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 34 हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर 3 बजे पुराने ट्रैक पर अर्धकुमारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था। कल देर रात तक सात लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया।
वहीं, करीब 28 लोग जख्मी हैं और कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। कल दोपहर बादल फटने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को घायलों से मिलने कटरा पहुंचे।
उन्होंने बताया कि घायलों की हालत स्थिर है। कई मृतकों की पहचान हो गई है और शव उनके घर भेजने की व्यवस्था हो रही है। श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपए देगा।
जम्मू शहर में मंगलवार को 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई थी। इससे कई जगह बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है। वैष्णो देवी लैंडस्लाइड के चश्मदीद ने बताया- बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने लगे और सब तबाह हो गया।
नॉर्दर्न रेलवे ने भी आज जम्मू-कटरा से चलने वाली और यहां रुकने वाली 58 ट्रेनें रद्द की हैं। इसके अलावा 64 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट (बीच के स्टेशन पर रोकना) किया गया है। हालांकि कटरा-श्रीनगर के बीच ट्रेन सर्विस जारी है।



### हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू- यार कल शाम को भाभी तुझे इतना क्यों मार रही थी? गप्पू- क्या बताऊं सरकारी नौकरी करते करते मेरा भी दिमाग खराब हो गया है।
पप्पू- लेकिन हुआ क्या? गप्पू- कल गर्लफ्रेंड को लेटर लिखा और प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्नी को भी भेज दी...



### शायरी

घरों में यूँ सयानी बेटियाँ बेचैन रहती हैं
कि जैसे साहिलों पर कश्तियाँ बेचैन रहती हैं

# देश के आधे सांसदों-विधायकों पर क्रिमिनल केस

### महिलाओं से जुड़े अपराध वाले राज्यों में पश्चिम बंगाल सबसे आगे, आंध्र दूसरे नंबर पर



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में प्रावधान है कि यदि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार होकर 30 दिन तक जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद से हटाया जा सकेगा। वर्तमान में स्थिति यह है कि देशभर में 45 प्रतिशत विधायक और 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। महिलाओं से जुड़े अपराधों की बात करें तो इसमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है। आंध्र प्रदेश का दूसरा नंबर है।
देशभर में 45 प्रतिशत विधायकों ने अपने ऊपर क्रिमिनल केस घोषित किए हैं, जबकि 29 प्रतिशत गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं। विधायकों पर क्रिमिनल केसों में आंध्र प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। इसके बाद केरल, तेलंगाना और बिहार का स्थान है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है।

### देश में 15 साल में आपराधिक रिकॉर्ड वाले सांसद 16 प्रतिशत बढ़े

संसद में समय के साथ यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। 2009 में 30 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले और 14 प्रतिशत पर गंभीर मामले दर्ज थे। 2014 में सांसदों पर आपराधिक मामले का आंकड़ा एक-तिहाई और गंभीर मामले एक-पांचवां हो गए। 2019 में 43 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले और करीब 29 प्रतिशत पर गंभीर आरोप थे। 2024 के चुनावों के बाद गठित संसद में यह संख्या और बढ़ गई। अभी 46 प्रतिशत सांसद आपराधिक मामलों और 31 प्रतिशत गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं।

# जम्मू में 296 मिमी बारिश, 115 साल का रिकॉर्ड टूटा


## 10 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया, जम्मू-कटरा तक पहुंचने वाली 58 ट्रेनें कैंसिल

**उत्तर रेलवे ने जम्मू-कटरा को पहुंचने वाली 58 ट्रेनें कैंसिल कर दी वहीं 64 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया है**



**नई दिल्ली।** जम्मू में बारिश का 115 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार सुबह 8: 30 बजे से बुधवार सुबह 8: 30 बजे तक यहां 296 मिलीमीटर बारिश हुई। 52 साल पहले 1973 में 9 अगस्त को 272.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राज्य में 10 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है।
बाढ़ बारिश की स्थिति को देखते हुए उत्तर रेलवे ने जम्मू-कटरा को पहुंचने वाली 58 ट्रेनें कैंसिल कर दी वहीं 64 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट (बीच के स्टेशन पर रोकना) कर दिया गया है।
पंजाब में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़ने के कारण बुधवार को पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन, होशियारपुर, कपूरथला, फिरोजपुर और फाजिल्का में बाढ़ आ गई।
गुरदासपुर के दाबुरी स्थित नवोदय विद्यालय में 400 से ज्यादा स्टूडेंट्स और टीचर्स बाढ़ में फंस गए। स्कूल के ग्राउंड फ्लोर पर 5 फीट पानी भर गया है। स्टूडेंट्स और टीचर्स को निकालने के लिए एनडीआरएफ और सेना की टीमें पहुंची और बुधवार शाम को उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। राज्य में भारी बारिश के चलते सभी स्कूलों को 30 अगस्त तक बंद करने के आदेश दिए गए हैं। वहीं, रावी नदी में बाढ़ के चलते करतारपुर साहिब कॉरिडोर में भी 7 फीट तक पानी भर गया है। इसके कारण पाकिस्तान का श्री करतारपुर साहिब गुरुद्वारा में भी पानी भर गया है। करतारपुर कॉरिडोर 4.7 किलोमीटर लंबी एक रोड है जो भारत में डेरा बाबा नानक को पाकिस्तान में करतारपुर साहिब गुरुद्वारे से सीधे जोड़ता है। इसका उद्घाटन 9 नवंबर, 2019 को किया गया था।
दूसरी तरफ, पंजाब के पठानकोट के माधोपुर हेडवर्क्स में सेना ने बाढ़ के पानी से घिरी एक जर्जर बिल्डिंग से 22 CRPF जवानों और 3 नागरिकों का हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया।
रेस्क्यू के लिए सेना का हेलिकॉप्टर जर्जर बिल्डिंग की छत पर उतरा था। छत से उड़ान भरने के बाद ही बिल्डिंग का अगला हिस्सा पानी में समा गया। इसके बाद भी सेना ने जर्जर बिल्डिंग की छत पर फंसे सभी लोगों को बचाया। भारतीय सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो एक्स पर शेयर किया है।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
80,786.54
-849.37 (1.04%)
निफ्टी:
24,712.05
-255.70

### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 5 : 57
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 50

### हादसा

## एक बच्ची लापता, 5 लोगों ने गाड़ी पर चढ़कर बचाई जान

# चित्तौड़गढ़ में गूगल मैप के कारण बनास में बही वैन : 3 की मौत



**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ में एक वैन गूगल मैप के कारण बनास नदी की टूटी पुलिया में बह गई। इसमें एक ही परिवार के 9 लोग थे। नदी के बहाव के कारण वैन 300 मीटर तक बह गई। एक्सीडेंट में एक 4 साल के बच्ची और 2 महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, एक बच्ची अभी भी लापता है। हादसा कपासन में राशमी थाना क्षेत्र के सोमी-उपेरड़ा पुलिया पर रात 1 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार परिवार के 5 लोगों ने वैन पर चढ़कर जान बचाई। सिविल डिफेंस की टीम से कैलाश वैष्णव ने बताया- सुबह 4:30 बजे से सर्च करना शुरू किया था। 3 शव निकाल चुके हैं, लेकिन एक का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### मैप ने 3 साल से टूटी व बंद पड़ी पुलिया पर पहुंचाया

कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने बताया कि पीड़ित परिवार चित्तौड़गढ के भूपालसागर थाने के कानाखेड़ा गांव का रहने वाला है। वे भीलवाड़ा जिले में सवाई भोज मंदिर में दर्शन के लिए गए थे।
देर रात मंदिर से लौटते हुए वो रास्ता भटककर सोमी गांव पहुंचे। वहां पहुंचते ही ग्रामीणों ने उन्हें पुलिया की तरफ जाने से रोका था। उन्हें बताया था कि मातृकुंडिया का गेट खुलने के कारण पानी का बहाव ज्यादा है। ड्राइवर ने उनकी बात नहीं सुनी और गूगल मैप के बताए रास्ते पर चलने लगा। लोकेशन उन्हें बनास नदी की 3 साल से बंद पुलिया सोमी-उपरेड़ा पर ले गई। पानी के बहाव के बीच ड्राइवर ने वैन निकालने की कोशिश की, लेकिन वो उसमें बह गई।

### करीब 300 मीटर तक बह गई वैन

पानी के वेग के कारण वैन टूटी हुई पुलिया से 300 मीटर दूर तक बह गई। ड्राइवर मदनलाल कांच तोड़कर गाड़ी की छत पर चढ़ गया। फिर उसने एक-एक कर 5 लोगों को छत पर खींच लिया। इसी बीच गाड़ी बहकर नदी की गहराई वाले हिस्से में चली गई। गाड़ी में 2 महिलाएं और 2 बच्ची थी।

### 2 महिला और एक बच्ची की बॉडी मिली

मदनलाल ने फोन कर मदद मांगी, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू शुरू नहीं हो सका। बुधवार सुबह एनडीआरएफ ने 4 साल की बच्ची खुशी पुत्री मदन की बॉडी को बाहर निकाला।
वहीं, चंदा (21) पत्नी हेमराज, ममता (25) पत्नी मदन की बॉडी भी बुधवार सुबह 10 बजे नदी से निकाली गई। जबकि, रूत्वी (6) पुत्री हेमराज की तलाश जारी है।

# महाराष्ट्र में 4 मंजिला बिल्डिंग धराशायी, 6 लोगों की मौत 8 घायल



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में अवैध रूप से बनी चार मंजिला इमारत का एक हिस्सा बगल की एक खाली इमारत पर गिर गया, जिससे छह लोगों की मौत हो गई। इस घटना में आठ लोग घायल भी हुए हैं। वसई विरार नगर निगम (वीवीएमसी) द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने इमारत के निर्माता को गिरफ्तार कर लिया है। जिला कलेक्टर इंदु रानी जाखड़ ने घटनास्थल का दौरा किया है। उन्होंने बताया कि मलबे में अभी भी कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है।
पालघर के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विवेकानंद कदम ने बताया कि सौभाग्य से जिस चॉल या मकान में इमारत गिरी, वह खाली था। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर इमारत के आसपास की सभी चॉल को खाली करा लिया गया है। सभी को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।
वीवीएमसी के सहायक आयुक्त गिलसन गोंसाल्वेस ने कहा कि अभी तक मलबा हटाने का काम जारी है। शुरुआती कई घंटों तक मलबा नगर निगम की टीमों और एनडीआरएफ की दो इकाइयों द्वारा हाथ से साफ किया गया।

# संपादकीय

## दहेज के लिए महिलाओं की हत्या : एक अफसोसनाक हकीकत



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारतीय समाज में दहेज प्रथा एक गहरी जड़ें जमाए हुए सामाजिक बुराई है, जो आज भी कई परिवारों और महिलाओं के लिए अभिशाप बनी हुई है। दहेज के लिए महिलाओं की हत्या, जिसे अक्सर 'दहेज हत्या' के रूप में जाना जाता है, एक ऐसी क्रूर और अमानवीय प्रथा है जो न केवल महिलाओं के जीवन को खतरे में डालती है, बल्कि समाज की नैतिकता और मानवता को भी चुनौती देती है। यह एक ऐसी सच्चाई है जो हमारे समाज के पितृसत्तात्मक ढांचे और आर्थिक लालच की गहरी खाई को उजागर करती है।

### दहेज प्रथा का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

दहेज की प्रथा भारत में सदियों से चली आ रही है। प्राचीन काल में यह प्रथा स्वेच्छा से दी जाने वाली भेंट या उपहार के रूप में शुरू हुई थी, जो विवाह के समय वधू के परिवार द्वारा दी जाती थी। हालांकि, समय के साथ यह एक अनिवार्य मांग बन गई, जिसमें दूल्हे का परिवार नकदी, गहने, संपत्ति और अन्य महंगे उपहारों की मांग करता है। आज, दहेज एक सामाजिक दबाव और आर्थिक बोझ बन चुका है, जो कई परिवारों को कर्ज में डुबो देता है और महिलाओं के लिए खतरा बन जाता है।

### दहेज हत्या की भयावहता

दहेज के लिए महिलाओं की हत्या एक ऐसी त्रासदी है जो हर साल हजारों महिलाओं की जान ले लेती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ह्ष्ट्रक्च) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल दहेज से संबंधित अपराधों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ये हत्याएं अक्सर घरेलू हिंसा, यातना, और मानसिक उत्पीड़न का परिणाम होती हैं, जो तब तक जारी रहती हैं जब तक कि दहेज की मांग पूरी नहीं होती या पीड़ित महिला की मृत्यु नहीं हो जाती। कई मामलों में, इन हत्याओं को 'दुर्घटना' या 'आत्महत्या' के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे अपराधी आसानी से बच निकलते हैं।

### सामाजिक और सांस्कृतिक कारण

दहेज हत्या के पीछे कई सामाजिक और सांस्कृतिक कारक जिम्मेदार हैं। पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं को अक्सर बोझ के रूप में देखा जाता है, और दहेज को दूल्हे के परिवार की 'प्रतिष्ठा' के साथ जोड़ा जाता है। इसके अलावा, आर्थिक असमानता, शिक्षा की कमी, और जागरूकता का अभाव भी इस प्रथा को बढ़ावा देता है। कई परिवारों में, बेटियों की शादी के लिए दहेज देना एक सामाजिक दबाव बन जाता है, जिसे न मानने पर सामाजिक बहिष्कार का डर रहता है।

### कानूनी उपाय और उनकी सीमाएं

भारत में दहेज निषेध अधिनियम, 1961, और भारतीय दंड संहिता की धारा 498 और 304क्र जैसे कानून दहेज और इससे संबंधित हिंसा को रोकने के लिए बनाए गए हैं। हालांकि, इन कानूनों का कार्यान्वयन कमजोर रहा है। पुलिस और न्यायिक प्रणाली में भ्रष्टाचार, सामाजिक दबाव, और सबूतों की कमी के कारण कई मामले दबा दिए जाते हैं। इसके अलावा, सामाजिक जागरूकता की कमी और पीड़ित परिवारों का डर भी इन कानूनों की प्रभावशीलता को कम करता है।

### समाधान की दिशा में कदम

दहेज हत्या को रोकने के लिए समाज, सरकार, और व्यक्तियों को एकजुट होकर काम करना होगा। शिक्षा और जागरूकता अभियान इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, और दहेज के खिलाफ सामाजिक बहिष्कार को प्रोत्साहित करना जरूरी है। इसके अलावा, कानूनों का सख्ती से पालन और तेजी से न्याय सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

### निष्कर्ष

दहेज के लिए महिलाओं की हत्या एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो न केवल व्यक्तिगत जीवन को नष्ट करती है, बल्कि समाज की नैतिकता को भी कमजोर करती है। यह समय है कि हम इस क्रूर प्रथा के खिलाफ एकजुट हों और एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहां महिलाएं सम्मान और सुरक्षा के साथ जी सकें। केवल सामूहिक प्रयासों और सख्त कानूनी कार्रवाइयों से ही हम इस अफसोसनाक हकीकत को बदल सकते हैं।

## प्रकृति का रौद्र

जीवनदायी पानी जब अपने विकराल रूप में सामने आता है तो कितना घातक व विनाशकारी हो जाता है, इस बार की मूसलाधार मानसूनी बारिश ने हमें बता दिया है। लोग अब पानी के आवेग को देखकर डरने लगे हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों में बादल फटने, हिमस्खलन और मलबे के सैलाब की जो घटनाएं सामने आई हैं, उन्होंने हर किसी को भयभीत किया है। हालात ने बताया है कि हमेशा शांत रहने वाले पहाड़ भी कितना रौद्र रूप दिखा सकते हैं। इस अतिवृष्टि से सड़कों, पुलों व स्थायी संरचनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं। जम्मू में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से कुछ श्रद्धालुओं की मौत दुखद घटना है। बांधों से आया अतिरेक पानी रावी, ब्यास व सतलुज को विकराल बना गया, जिससे पंजाब के करीब एक दर्जन जिले जलमग्न हो गए हैं। हजारों एकड़ फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुल बहने व सड़कें तबाह होने से जन-जीवन पंगु बनकर रह गया है। पहाड़ों के लोग हैरत में हैं कि अचानक बादल फटने की घटनाओं में ये अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई है। क्या कुदरत नाराज है? क्या ये गहराते ग्लोबल वार्मिंग संकट की देन है? दरअसल, हमारे नीति-नियंता पहाड़ों के पारिस्थितिकीय तंत्र की संवेदनशीलता को महसूस नहीं करते। भूल जाते हैं कि पहाड़ों का विकास मैदानी मॉडल पर नहीं किया जा सकता। साथ ही राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों की आधी-अधूरी तैयारियां भी संकट बढ़ाने वाली साबित हुई हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, हिमाचल सरकार ने स्वीकार किया है कि पारिस्थितिक असंतुलन से निपटने के मौजूदा उपायों में कमियां रही हैं। राज्य ने इस स्थिति से निपटने के लिये एक 'व्यापक भावी कार्य योजना' तैयार करने के लिये कम से कम छह माह का वक्त मांगा है। विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने की तंत्र में कोई तात्कालिकता नजर नहीं आती। फिर इन आपदाओं का खमियाजा वे लोग उठाते हैं, जिनका इस स्थिति को पैदा करने में कोई रोल नहीं होता। निस्संदेह, प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति वनों की कटाई, अनियमित विकास तथा जलवायु परिवर्तन के कारकों की वजह से तेज हुई है। वास्तव में मौजूदा स्थितियों में जो कुछ करने की जरूरत है, वो किसी भी तरह कोई रॉकेट साइंस नहीं है। इस संकट के मुकाबले के लिये वैज्ञानिक व प्रशासनिक व्यवस्था की गहरी समझ रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल करने की जरूरत है। उनकी राय और सलाह नीति-निर्माताओं का मार्गदर्शन करेगी। सरकारों को राजनीतिक और व्यावसायिक हितों को दरकिनार करते हुए, पर्यावरण संवर्धन के लिये काम करना चाहिए।

# ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर सख्त कानून

दीपक कुमार त्यागी




ऑनलाइन गेमिंग ऐप का आलम यह हो गया था कि देश के दूरदराज के गांवों से लेकर कस्बों शहरों तक में भी यह लोगों को घर बैठे-बैठे हुए ही सट्टेबाजी करने के लिए प्रेरित करने लगा है, मोहल्ले, नुक्कड़ हर तरफ ऑनलाइन गेमिंग ऐप की चर्चा सुनना अब आम बात हो गयी थी।

देश में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मैट्रो रेल स्टेशन, एयरपोर्ट, हाइवे, सड़क, हवाई जहाज, रेल, मैट्रो रेल, बस आदि में पैसे लगाओं, टीम बनाओं, करोड़ों कमाओं जैसी टैग लाइन के साथ भ्रमित करने वाले ऑनलाइन गेमिंग ऐप का प्रचार चर्चित चहरों के साथ बड़े पैमाने पर होता नज़र आता है। इन चर्चित चेहरों के प्रमोशन करने के चलते देश में करोड़ों लोग ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से चल रही सट्टेबाजी, ठगी व साइबर फ्राड आदि का शिकार होकर के अपने जीवन भर की कमाई गंवाकर मानसिक तनाव में आकर के अनमोल जीवन तक को समाप्त करने का कार्य कर रहे थे, लेकिन मोदी सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग की नकेल कसने का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि ऑनलाइन गेम की मुख्य रूप से दो कैटेगरी मानी जाती है, पहली कैटेगरी में ई-स्पोर्ट्स जिसमें गेम खेलने के लिए किसी भी प्रकार से पैसों का आदान-प्रदान नहीं किया जाता है व दूसरी कैटेगरी में रियल मनी गेम्स में पैसों का लेन-देन होता है, दूसरी कैटेगरी पर ही मोदी सरकार ने अंकुश लगाया है। देश में इंटरनेट की सुलभता से पहुंच होने के चलते ऑनलाइन गेमिंग ऐप का आलम यह हो गया था कि देश के दूरदराज के गांवों से लेकर कस्बों शहरों तक में भी यह लोगों को घर बैठे-बैठे हुए ही सट्टेबाजी करने के लिए प्रेरित करने लगा है, घर की चौपाल से लेकर के गली, मोहल्ले, नुक्कड़ हर तरफ ऑनलाइन गेमिंग ऐप की चर्चा सुनना अब आम बात हो गयी थी। लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग की इस गंभीर चुनौती को समय रहते समझने का कार्य करते हुए, 19 अगस्त 2025 को देश के घर-घर में छोटे व बड़े-बूढ़े तक के बीच में भी अपनी पैठ बना चुके ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर नियंत्रण लगाने के लिए एक कानून ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 को कैबिनेट में पारित करवाने का कार्य करते हुए, 20 अगस्त 2025 को चंद मिनटों में ही ध्वनि मत से देश दोनों सर्वोच्च सदनों से पास करवाया। हालांकि देश के कुछ लोगों को इस कानून से कोई भी फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन जिन लोगों के घर ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से चल रही पैसों की सट्टेबाजी के चलते बर्बादी के कगार पर आकर खड़े हो गये हैं, इस सख्त कानून से उन लोगों के बिखरते घर-बार व कारोबार बच जायेंगे। साथ ही जो परिवार इन ऑनलाइन गेमिंग ऐप के नाम पर चल रही सट्टेबाजी व साइबर फ्राड आदि का शिकार होकर धन-दौलत यहां तक की परिजनों को भी खो चुकें हैं, उन परिजनों को भी संतोष मिलेगा की अब भविष्य में उनकी तरह किसी का घर-परिवार तबाह नहीं होगा।

वैसे तो देश में ऑनलाइन गेमिंग ऐप का बहुत बड़ा कारोबार है, देश में इसके ग्राहक छोटे-छोटे बच्चों से लेकर के बड़े-बुजुर्ग तक भी हैं, जो इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले अपने मोबाइल फोन में इन ऑनलाइन गेमिंग के विभिन्न ऐप डाउनलोड करके ऑनलाइन गेम खेलते हुए इनकी भयंकर लत व मानसिक अवसाद के शिकार हो रहे हैं। वहीं इन गेम के प्लेटफार्मों पर खुल्लमखुल्ला पैसे लगाओं, टीम बनाओं, करोड़ों कमाओं जैसी आकृषित करने वाली टैग लाइन के साथ सट्टेबाजी चल रही है, इन प्लेटफार्मों पर लोग कमाई के झांसें में आकर के जीवन भर की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवाने का काम कर रहे थे। साथ ही देश में जिस तरह से साइबर फ्राड की घटनाएं ऑनलाइन गेमिंग ऐप के सहारे आये-दिन घटित हो रही हैं, वह चिंतित करने वाली स्थिति है। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी सरकार की ऑनलाइन गेमिंग के इस कारोबार पर पैनी नज़र बनी हुई थी। उसी कड़ी में वर्षों पहले ही मोदी सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपए-पैसों की किसी भी प्रकार की ट्रांजेक्शन पर 1 अक्टूबर 2023 में 28 प्रतिशत और वर्ष 2024-2025 में जीती गयी धनराशि पर 30 प्रतिशत जीएसटी लागू कर दिया था, जिससे सरकार को लगभग 20 हज़ार करोड़ रुपए सालाना की भारी-भरकम धनराशि जीएसटी के रूप में मिल रही थी। ऑनलाइन गेमिंग के पिछले कुछ वर्षों में लगभग 400 स्टार्टअप भारत में शुरू हुए हैं, वहीं लगभग 25 हजार करोड़ निवेश हुए हैं। लेकिन मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने खुलासा किया था कि भारतीय हर वर्ष लगभग 1 लाख 20 हज़ार करोड़ रुपए भारी-भरकम धनराशि इन ऑनलाइन गेमिंग ऐप के चक्कर में खर्च कर रहे हैं, जो बेहद ही चौंकाने वाली व चिंताजनक स्थिति है। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बताया था कि ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में हर वर्ष 45 करोड़ भारतीय 20 हज़ार करोड़ रुपए गंवा देते हैं। वहीं देश में साइबर सुरक्षा पर पैनी नज़र रखने वाली एजेंसियों ने भी इन ऑनलाइन गेमिंग के प्लेटफॉर्मों पर सख्ती कर रखी थी, इन एजेंसियों ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप की आड़ में साइबर फ्राड करने वाले हजारों ऐप को बैन तक करके लोगों को ठगी से बचाने का कार्य किया है, अकेले वर्ष 2022 में ही सरकार ने 1400 से ज्यादा वेबसाइट को ब्लॉक किया था। लेकिन सरकार की लाख सख्ती के बावजूद भी ऑनलाइन गेमिंग ऐप वाले लोगों की जेब से पैसा निकालने की कुछ ना कुछ नयी तिकड़म बैठाकर के लोगों को चूना लगाने में कामयाब हो ही जाते थे। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी की सरकार ने लोगों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले ऑनलाइन मनी गेमिंग ऐप की लूट-खसोट पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाने की शुरुआत की, नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 19 अगस्त 2025 को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 को मंजूरी देते हुए अगले दिन ही 20 अगस्त 2025 को लोकसभा व राज्यसभा में पास करवा कर के, इस विधेयक को महामहिम राष्ट्रपति से हरी झंडी मिलने की मंजूरी के लिए भेज दिया, जहां पर इस विधेयक को 22 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी की मोहर लगने का बाद यह कानून देश में लागू हो गया है। इस नये कानून के अनुसार ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपए-पैसों के लेन-देन वाली ट्रांजैक्शन देश में पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अब देश में ऑनलाइन गेमिंग ऐप में रुपए-पैसों का लेन-देन उपलब्ध करने वाले लोगों को तीन वर्ष तक की कड़ी सजा और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना भुगतान होगा। वहीं जिस तरह से ऑनलाइन गेमिंग ऐप भोले-भाले लोगों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए आये-दिन खेल जगत के चर्चित चहरों व विभिन्न सेलिब्रिटी का सहारा लेने का कार्य करते थे, उस पर भी दो वर्ष की सजा और 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान होने से ऑनलाइन गेमिंग के प्रोमोशन पर अंकुश लगेगा। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर बनाये प्रावधानों में यह साफ कर दिया है कि यह एक सामाजिक बुराई है, जिस पर केंद्र सरकार पूरी तरह से अंकुश लगाना चाहती है। वैसे ऑनलाइन गेमिंग ऐप के मुद्दे पर पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी यह मानता था कि यह एक गंभीर सामाजिक बुराई बन चुकी है, तब ही यह विधेयक लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों में महज 26 मिनट में पास हो गया। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विधेयक का समर्थन करते हुए कहा था कि यह कानून देश में ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देगा, लेकिन उन ऑनलाइन गेमिंग ऐप को रोक देगा, जिनका सीधा असर लोगों की आर्थिक स्थिति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कानून को समाज को हानिकारक प्रवृत्तियों से बचाने की दिशा में बड़ा कदम बताया। हालांकि नये कानून के बाद देश में ऑनलाइन गेमिंग का कार्य करने वाले बहुत सारे प्लेटफार्मों ने रुपए-पैसे के लेन-देन बंद करने की घोषणा कर दी है, जो ऑनलाइन गेमिंग ऐप की दुनिया में व आम जनमानस के हित में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3633




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3632 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

दो मित्र आपस में बात कर रहे थे। एक मित्र ने कहा- 'यार, जब मैं सूट पहनकर सब्जी लेने जाता हूँ तो दुकानदार मुझे महँगी सब्जी देता है और जब गंदे कपड़े पहनकर जाता हूँ तो सस्ती देता है।'

दूसरे मित्र ने सुझाव दिया- 'यार तुम कटोरा लेकर जाया करो, मुफ्त में ही दे देगा।'

□ □ □

अपनी पत्नी के चिड़चिड़े और गुस्सैल स्वभाव से परेशान रमन एक बार किसी महात्मा के दर्शन के लिए और महात्मा से पूछा- महाराज, कोई ऐसा उपाय बताइए जिससे मेरी पत्नी हर बात में क्लेश और अपना चिड़चिड़ापन छोड़ दें।

महात्मा ने बड़े इत्मीनान से जवाब दिया- बेटे! अगर इसका उपाय मुझे पता होता तो मैं संन्यास ही क्यों लेता।

□ □ □

पत्नी ने उलाहना देते हुए पति से कहा- 'क्योंजी, आप तो विवाह से पहले कहा करते थे कि तुम्हारी छोटी से छोटी इच्छा पूरी करूँगा।'

पति- 'हाँ, पर अब तक राह देख रहा हूँ कि तुम्हारी कौन-सी इच्छा इतनी छोटी है, जिसे मैं पूरी कर सकूँगा।'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3633



### बायें से दायें:-

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खूबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लक्कीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

### ऊपर से नीचे:-

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद्र, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3632



## सूडोकु -3633

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3632 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 3633




### बाएँ से दाएँ

1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

### ऊपर से नीचे

1.इसके सवाल युधिष्ठर हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2


शब्द पहेली - 3632 का हल



# यूपी महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला ने निक्की हत्याकांड के परिजनों से मुलाकात कर शोक जताया

## जांच उपरांत दोषियों के विरुद्ध होगी कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्रवाई





**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य मीनाक्षी भराला निक्की हत्याकांड के संबंध में आज मृतक निक्की के पैतृक गांव रूपवास, दादरी पहुंचीं। उन्होंने निक्की की हत्या के संबंध में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी प्राप्त की तथा परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। माननीय सदस्य ने कहा कि यह अत्यंत दुखद एवं गंभीर घटना है। प्रकरण में दोषियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके उपरांत दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु महिला आयोग, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर माननीय सदस्य ने कहा कि हमें घरेलू हिंसा एवं दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं के विरुद्ध मिलकर विचार करना होगा और ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का मानना है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान तभी सुनिश्चित हो सकता है जब समाज स्वयं भी इन बुराइयों के उन्मूलन के लिए जागरूक होकर आगे आए।

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि बेटियों और महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहयोग करें। मा0 सदस्य ने इस दौरान सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि बेटियां ससुराल में घरेलू हिंसा की शिकार हो रही है, और वह अपने मायके में आ गई है और वह ससुराल में दोबारा जाने के लिए इच्छुक नहीं है, तो ग्राम समाज द्वारा उनको जबरन ससुराल ना भेजा जाए।

इस दौरान एसीपी पुलिस अजीत कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन विभाग के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तीन गांजा गिरफ्तार, कब्जे से कुल 2 किलो 440 ग्राम गांजा बरामद



सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बीटा टु पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ती गांजा तस्करों शुभम कुमार पुत्र देवेंद्र महतो निवासी ग्राम शंभू पट्टी थाना करपुडीग्राम समस्तीपुर बिहार वर्तमान पता ग्राम तुगलपुर थाना नॉलेजपार्क गौतमबुद्धनगर, साहिल कुमार पुत्र सुनील राय निवासी ग्राम हरसिंहपुर लौतन थाना सकरा मुजफ्फरपुर बिहार वर्तमान पता ग्राम तुगलपुर थाना नॉलेजपार्क गौतमबुद्धनगर, विशाल कुमार पुत्र शंकर महतो निवासी ग्राम नारायणपुर डरियां थाना करपुडीग्राम समस्तीपुर बिहार वर्तमान पता ग्राम तुगलपुर थाना नॉलेजपार्क गौतमबुद्धनगर को रियान गोलचक्कर के पास से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 2 किलो 440 ग्राम गांजा और एक इलैक्ट्रौनिक तराजू बरामद किया है। अभियुक्तगण उड़ीसा राज्य से सस्ते दामों में गांजा खरीदकर लाते हैं और छोटे-छोटे पैकेट बनाकर दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नशे के आदी व्यक्तियों को बेच देते है। अभियुक्त विशाल उपरोक्त पूर्व में भी थाना इकोटेक प्रथम से एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है।गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# 25,000 रूपये का इनामी मुठभेड़ के उपरांत गिरफ्तार



सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** थाना सेक्टर 142 पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत 25 हजार रूपये के इनामी अभियुक्त दानिश पुत्र रियाजुदीन निवासी नई आबादी थाना दादरी गौतमबुद्धनगर को मंगलवार को जैन फार्म के पास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त अभियुक्त पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा मय दो कारतूस जिन्दा, एक चाकू और एक मोटरसाइकिल स्पलैण्डर बरामद की है।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार थाना सेक्टर-142 पुलिस द्वारा जैन फार्म के पास चेकिंग की जा रही थी। तभी एक संदिग्ध प्रतीत हो रही मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के लिए रूकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा करने पर उपरोक्त व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल को तेजी से मोड़कर पीछे की तरफ वापस भागने का प्रयास करने लगा जिस प्रयास में उसकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। उपरोक्त व्यक्ति द्वारा स्वयं को घिरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया जिसपर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

## बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर रखे विचार

**यमुना।** जेवर के प्रज्ञान पब्लिक स्कूल में वाणिज्य विषय की गतिविधियों के अंतर्गत अंतरसदन बिजनेस टॉक और क्विज प्रतियोगिता हुई। देश के बड़े उद्योगपतियों की भूमिका में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय व्यापार के सिलसिले में अपने विचार रखे। इस दौरान क्विज में वरिष्ठ वर्ग में विवेकानंद सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। गांधी और नेहरू सदन संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। आर.के. सदन तृतीय स्थान पर रहा। बिजनेस कैटवॉक में कनिष्ठ वर्ग (बालक वर्ग) में कलाम सदन प्रथम रहा। विवेकानंद सदन द्वितीय तथा टैगोर सदन तृतीय स्थान पर रहे। कनिष्ठ वर्ग (बालिका वर्ग) में भी कलाम सदन प्रथम स्थान, विवेकानंद सदन द्वितीय और आर.के. सदन तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान प्रबंधक डॉ. हरीश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. दीप्ति शर्मा, अमोल कुमार शर्मा, उमेश चंद्र शर्मा तथा शिक्षक जितेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाल विकास विभाग : चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित

**माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण**



**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोक भवन लखनऊ में आज बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चयनित 2425 मुख्य सेविकाओं की नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर में भी माननीय विधान परिषद सदस्य श्री चंद शर्मा जी की गरिमामई उपस्थिति में विकास भवन सभागार में मुख्य सेविकाओं के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में देखा गया।

माननीय मुख्यमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश में कुल 2425 मुख्य सेविका को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, जिसमें गौतमबुद्ध नगर जनपद से 5 मुख्य सेविकाओं का चयन किया गया है, जिनमें आरती, सीमा, कोमल, करिश्मा और प्रियंका सम्मिलित हैं। इस भर्ती से विभाग की वर्षों पुरानी कमी की पूर्ति होगी तथा महिला एवं बाल विकास सेवाओं को नई गति और ऊर्जा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 विधान परिषद सदस्य ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की संवेदनशील सोच एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के परिणामस्वरूप विभाग को नई मजबूती मिली है। मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने नव नियुक्त मुख्य सेविकाओं को ईमानदारी, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि नई मुख्य सेविकाएँ आंगनबाड़ी सेवाओं को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने में निर्णायक भूमिका निभाएँगी।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने नव नियुक्त मुख्य सेविकाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा यह आशा व्यक्त की कि वे बाल विकास, पोषण तथा महिला सशक्तिकरण की योजनाओं को नई दिशा देने में सक्रिय योगदान देंगी।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शिवा कांत, जिला कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार, अतिरिक्त सांख्यिकी अधिकारी प्रीति सिंह, सीडीपीओ संध्या, चारु एवं कुलप्रीत सहित अनेक अधिकारी एवं कार्यकर्ता व मुख्य सेविकाएँ पूनम, रितु एवं ममता तिवारी भी उपस्थित रही।

# शार्ट न्यूज

## डग्गार बसें कमा रहीं पैसे, रोडवेज गिन रहा घाटा

**ग्रेटर नोएडा।** परी चौक पर सारा दिन डग्गामार बसों का जमावड़ा रहता है। परिवहन विभाग के कार्रवाई नहीं करने से हर माह रोडवेज को लाखों रुपये की क्षति हो रही है। मनमाना किराया वसूलने से यात्री भी परेशान हैं। कई बार लोगों ने शिकायतें भी की हैं। ग्रेटर नोएडा के परी चौक से नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे, बुलंदशहर समेत बारह से अधिक स्थानों के लिए रोडवेज की बसों का संचालन होता है। सारा दिन परी चौक पर यात्री आते-जाते रहते हैं। इस स्थान से ही रोडवेज की बसों में यात्री सवार होते है। परी चौक से नोएडा, आगरा, मथुरा, बुलंदशहर, एटा, मैनपुरी समेत अन्य स्थानों के लिए डग्गामार बसें लगी रहती हैं। कम किराया की आवाज लगाकर यात्रियों को बैठाते हैं। कम किराये के लालच में सवारियों को डग्गामार बसें ले जाती हैं। कई बार कम किराये के लालच में रोडवेज की बजाए निजी बसों में यात्री सवार हो जाते हैं। बाद में रास्ते में टिकट बनाने के दौरान मनमाना किराया वसूला जाता है। किराये के विवाद के चलते कई बार मारपीट भी चुकी है। यात्री जयवीर ने बताया कि परी चौक से कानपुर के लिए रोडवेज का किराया 700 रुपये है।

## बाइक धीमी चलाने को कहा तो दो भाइयों ने मिलकर युवक की करदी पिटाई, केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी रेलवे रोड स्थित दौलतराम कॉलोनी में ड्यूटी पर जा रहे युवक के साथ मारपीट की गई। आवाज सुनकर पहुंचे दूसरे भाई के साथ भी मारपीट कर दी गई। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घायल के पिता ने तीन लोग नामजद व अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभय देव नागर परिवार के साथ रहते हैं। 23 अगस्त की शाम के समय उनका बेटा अक्षय नागर अपनी ड्यूटी के लिए जा रहा था। शाम के समय गली में ही अमन बाइक पर तेज रफ्तार से आ रहा था। बाइक की रफ्तार के चलते गली में भरा गंदा पानी उसके ऊपर पहुंच गया। जिससे बाइक धीमी चलने के लिए कहा तो गाली गलौज शुरू कर दी। जब अक्षय नागर अपने घर की तरफ चल दिया तो रास्ते में सुनील व प्रिंस ने आकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान परमवीर नागर भी पहुंच गए। परमवीर नागर के साथ भी मारपीट करने लगे। उसके सिर में काफी चोट आई है।

## मेरठ कोर्ट में चीनी महिला का हंगामा

**मेरठ।** 10 करोड़ की जीएसटी चोरी मामले में बुधवार को एक चीनी महिला और कंपनी के डायरेक्टर को मेरठ कोर्ट में पेश किया गया। दोनों को मंगलवार रात ही इंटेलिजेंस टीम ने नोएडा से अरेस्ट किया था। यहां थाने में एफआईआर कराई। फिर रात में ही मेरठ की स्पेशल CJM कोर्ट के लिए लेकर टीम रवाना हुई। कोर्ट पहुंची तो मीडिया से बचने के लिए वह खुद का चेहरा छिपाती रही। उसने काफी बवाल और हंगामा किया। पुलिस कर्मियों के साथ बदतमीजी की। कुछ लोगों को धक्का दे दिया। अरेस्ट महिला एलिस ली उर्फ ली तेंगली टीवी स्क्रीन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में सिक्योरिटी कैशियर है। दूसरा कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार है। दोनों को आज जेल भेजा जा रहा है। अगली सुनवाई सोमवार को होगी। इन दोनों ने गलत कैटेगरी में जीएसटी देकर 10 करोड़ से ज्यादा का टैक्स बचाया है। चार साल पहले फर्जी तरीके से 5 करोड़ रुपए के लेन-देन को लेकर इस महिला को एटीएस ने पकड़ा था। महिला कोर्ट में शोर मचाने लगी। अंग्रेजी में कहती रही- मुझे छोड़ो... चीनी होने के कारण गलत फंसाया गया है। पुलिस कर्मियों ने उसे रोका, तो कहा- खामोश। महिला लगातार चीनी और अंग्रेजी भाषा में डांटती रही।

## किसानों का धरना 30वें दिन भी जारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) का धरना प्रदर्शन बुधवार को 30वें दिन भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह कर रहे हैं। स्योदान नेताजी धरने की अध्यक्षता कर रहे हैं। आंदोलनकारी किसानों ने अपनी आगामी रणनीति तय की है। वे 28 अगस्त को जिलाधिकारी कार्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसमें ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण से जुड़ी समस्याओं को उठाया जाएगा। किसान नेताओं का आरोप है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण तो कर लिया गया। लेकिन उन्हें मुआवजा, पुनर्वास और अन्य सुविधाएं नहीं दी गईं। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। धरने में मास्टर श्यौराज सिंह, स्योदान नेता, रौदास सिंह, नेत्रपाल सिंह, धर्मसिंह, लखपत सिंह, सुनील भाटी समेत कई किसान मौजूद रहे।

## कंपनी की एसी वायरिंग में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर-63 में बुधवार दोपहर को एक कंपनी में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरातफरी मच गई और दमकल टीम ने आग को बुझा दिया। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अगिनशमन विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे का कहना है कि बुधवार दोपहर को सेक्टर-63 के ई ब्लॉक स्थित कंपनी में आग लगने की सूचना मिली थी। जब अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची तब पता चला कि एसी की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण आग भड़की है। इसके बाद पुलिसकर्मी, फायर कर्मचारी और कंपनी स्टाफ ने मिलकर आग पर काबू पाया। घटना के दौरान कंपनी परिसर में धुंआ भर गया था, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। फायर की टीम ने मशीनों की मदद से कंपनी से धुआं बाहर निकाला। सीएफओ का कहना है कि आग पर काबू पा लिया गया है और कोई हताहत नहीं हुआ है।

## शुभम सिंघल रोटरी क्लब के अध्यक्ष बने



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा रोटरी क्लब द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट मानशी गोयल ने बताया कि रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा के वर्ष 2025-26 के लिए शुभम सिंघल अध्यक्ष, कपिल गर्ग सचिव, मनु जिंदल कोषाध्यक्ष ने अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित व बच्चो द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो0 अमिता मोहिन्द्रू द्वारा तीनो पदाधिकारियों को कॉलर पहनाकर उनका पदभार ग्रहण करवाया गया। नए कार्यकाल में क्लब द्वारा 24 नए सदस्यों को पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दीपक गुप्ता ,आलोक गुप्ता , ललित खन्ना, आगामी गवर्नर अमित गुप्ता जी व असिस्टेंस गवर्नर सुधीर सक्सेना द्वारा रोटरी पिन लगाकर सभी को क्लब की सदस्यता दिलाई गई।

## जांच में स्मार्ट मीटर सही पाए गए

**नोएडा।** जिले में अभियान के तहत सोरखा गांव में सात से अधिक उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटरों की जांच की गई। जांच में सभी मीटरों की यूनिट सही मिली। जिले में दो निजी कंपनियों ने करीब 50 हजार स्मार्ट मीटर लगाए हैं। विद्युत निगम को शिकायतें मिल रही थीं कि स्मार्ट मीटर तेज चल रहे हैं। इससे अधिक यूनिट बन रही है। इस वजह से बिजली का बिल अधिक आ रहा है। उपभोक्ताओं की शिकायत पर विद्युत निगम ने सोरखा गांव में कुछ उपभोक्ताओं के यहां दूसरा मीटर लगाया। दोनों मीटरों की यूनिट नोट कर जांच की गई। एक नियत समय अवधि की दोनों मीटरों में यूनिट एक जैसी मिली।ऐसे में विद्युत निगम की जांच में स्मार्ट मीटर पास हो गए। विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता विवेक कुमार पटेल ने कहा कि सोरखा गांव में सात से अधिक उपभोक्ताओं के दोनों मीटरों में एक जैसी यूनिट मिली है। स्मार्ट में किसी भी तरह की गड़बड़ी या खामी नहीं मिली।

# भूटानी इंफ्रा : पोंजी स्कीम का नया चेहरा : निवेशकों की गाढ़ी कमाई डूबने की कगार पर!

वशेष संवाददाता, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

BHUTANI INFRA INSPIRED BY INNOVATION

### ईडी की जांच से बड़ा खुलासा

भूटानी इंफ्रा पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

- ग्रुप ने निवेशकों से 3,500 करोड़ से अधिक की रकम वसूली, लेकिन अधिकांश प्रोजेक्ट अधर में अटके पड़े हैं।
- आरोप है कि 200 करोड़ से ज्यादा रकम विदेशों (सिंगापुर व अमेरिका) में ट्रांसफर की गई।
- कई बैंक खाते फ्रीज और संपत्तियाँ जब्त की जा चुकी हैं।

### गंभीर धाराओं में मुकदमे

भूटानी इंफ्रा और उसके सहयोगियों पर धोखाधड़ी, फर्जीवाड़े और निवेशकों की गाढ़ी कमाई हड़पने के आरोप हैं।

- आईपीसी 420, 467, 406 जैसी धाराओं में मुकदमे दर्ज।
- रेरा और अथॉरिटी में दर्जनों शिकायतें लंबित।

### निवेशकों की कमाई, बिल्डरों के ऐशो-आराम में

हज़ारों निवेशकों ने 'तेज़ मुनाफ़े' और 'विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट्स' के नाम पर पैसा लगाया।

- वादा था समय पर कब्ज़ा और मोटा रिटर्न।
- हकीकत : अधूरे प्रोजेक्ट्स और ठगी का दर्द।
- एक पीड़ित बोला -'बच्चों की पढ़ाई और शादी का पैसा डूब गया, भूटानी ने हमारी उम्मीदें भी लूट लीं।'

### फिल्म सिटी भी सवालों के घेरे में

यमुना एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित 10,000 करोड़ की फिल्म सिटी परियोजना में भी भूटानी का नाम जुड़ा है।

लेकिन जब पुराने प्रोजेक्ट ही पूरे नहीं हुए, तो लोग पूछ रहे हैं — 'क्या फिल्म सिटी भी सिर्फ़ अगला झूठा सपना है?'

### पोंजी स्कीम का जाल

भूटानी मॉडल किसी पोंजी स्कीम से कम नहीं।

- पोंजी स्कीम क्या है? इसमें नए निवेशकों से पैसा लेकर पुराने को लौटाया जाता है। असली प्रोजेक्ट सिर्फ दिखावा होता है।
- 1920 में अमेरिका के चार्ल्स पोंजी ने यही खेल रचा था।
- भारत में बाइक-बॉट घोटाला इसी पैटर्न का ताज़ा उदाहरण है, जिसमें हजारों परिवार बर्बाद हो गए।
- अब विशेषज्ञ कह रहे हैं - 'भूटानी इंफ्रा, बाइक-बॉट 2.0 जैसा ही है।'

### सिस्टम की मिलीभगत?

इतना बड़ा घोटाला बिना अधिकारियों की नज़र से कैसे बचा?

- नोएडा अथॉरिटी की भूमिका पर सवाल।
- रेरा की चुप्पी भी संदेह के घेरे में।
- जब तक सिस्टम की मिली-जुली साझेदारी न हो, अरबों की ठगी मुमकिन ही नहीं।

### कॉलआउट

ऊँची इमारतों की चमक सिर्फ़ धोखे की परछाई है – जनता का विश्वास हर बार लूटा गया। ?

अब बड़ा सवाल

- क्या सरकार और एजेंसियां इस बार सख़्त कदम उठाएँगी?
- क्या निवेशकों का पैसा सुरक्षित हो पाएगा?
- या फिर यह भी 'बाइक-बोट' जैसा एक और घोटाला साबित होगा?

### विशाल इंडिया की मुहिम

विशाल इंडिया हिंदी दैनिक लगातार यह सवाल उठा रहा है कि कब तक जनता की गाढ़ी कमाई ऐसी पोंजी स्कीमों में डूबती रहेगी।

- कल बाइक-बॉट, आज भूटानी इंफ्रा, कल न जाने कौन?
- हमारी मुहिम का मक़सद सिर्फ एक है :

'जनता जागेगी, तभी ठगी रुकेगी।'

### निष्कर्ष

भूटानी इंफ्रा की ऊँची-ऊँची इमारतें दरअसल जनता के सपनों का मलबा हैं।

अब वक़्त है कि सिस्टम और न्यायपालिका जनता का भरोसा लौटाएँ — वरना Ponzi स्कीम का यह नया चेहरा और भी परिवारों को बरबाद कर देगा।

# 10 साल से अधूरी सर्विस रोड का निर्माण होगा शुरू

**जेवर।** यमुना प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक एक्सप्रेसवे के किनारे 60 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का निर्माण किया था। दनकौर में किसानों की समस्याओं के कारण यह काम पिछले 10 साल से अधूरा पड़ा था।

बुधवार को प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र सिंह और जीएम प्रोजेक्ट राजेंद्र भाटी ने मौके पर जाकर किसानों से बातचीत की। इस दौरान सर्विस रोड के निर्माण को लेकर सहमति बन गई। अधिकारियों ने बताया कि अक्टूबर तक एयरपोर्ट तक जाने वाली सर्विस रोड पूरी तरह से चालू हो जाएगी। 2009 में यमुना एक्सप्रेस-वे के लिए किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था। जीरो पॉइंट से दनकौर तक सर्विस रोड बनने के बाद कुछ किसानों ने करीब 200 मीटर रोड का निर्माण रुकवा दिया था।

## मिहिर भोज जयंती पर कबड्डी टूर्नामेंट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जुनेदपुर गांव में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज जयंती पर कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बुधवार को खेले गए फाइनल में सोनू रेंजर्स ने मोहित सुपर स्टार को 29-23 के अंतर से हराया। आयोजक समिति के सदस्य गौरव नागर ने बताया कि टूर्नामेंट में जुनेदपुर, रोशनपुर, मंडिया और धनौरी की टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता टीम को 5100 रुपये की नगद राशि दी गई। उपविजेता टीम को 3100 रुपये से सम्मानित किया गया।


# बाइक-बोट घोटाला : पोंजी स्कीम का सबसे बड़ा खेल

### कैसे हुआ घोटाला?

- 2017 में ग्रेटर नोएडा स्थित Garvit Innovative Promoters Ltd (GIPL) ने 'बाइक-बॉट स्कीम' चलाई।
- लोगों से कहा गया कि आप एक बाइक खरीदकर हमें दीजिए, हम उसे Ola/Uber की तरह चलाएँगे और हर महीने आपको तय रिटर्न देंगे।
- वादा था – हर बाइक पर 62,100 निवेश करने पर 12,000 प्रतिमाह की आमदनी।
- लाखों लोगों ने निवेश किया, कई ने दर्जनों बाइक खरीदकर कंपनी को सौंप दी।

### निवेशकों की गाढ़ी कमाई डूबी

- कंपनी ने शुरू में कुछ किश्तें दीं ताकि





विश्वास बने।

- बाद में 15,000 करोड़ से अधिक का घोटाला सामने आया।
- 2 लाख से ज्यादा निवेशक बर्बाद हो गए।

### कार्रवाई

- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई ने जांच की।
- कंपनी का मालिक संजय भाटी गिरफ्तार हुआ।
- सैकड़ों करोड़ की संपत्तियाँ कुर्क की गईं।

### भूटानी से तुलना क्यों?

- पैटर्न एक जैसा : पहले सपने दिखाना – फिर नया निवेश लाकर पुराना लौटाना।
- बाइक-बोट में बाइक्स का झांसा, भूटानी में ऊँची-ऊँची इमारतों और फिल्म सिटी का सपना।
- दोनों ही मामलों में जनता की गाढ़ी कमाई बरबाद।

### कॉलआउट

बाइक-बोट ने सपनों की सवारी बेची, भूटानी इंफ्रा ने सपनों की इमारतें – दोनों का अंजाम जनता की बरबादी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



# गणेश चतुर्थी पर रूट डायवर्जन, इन रास्तों पर जाने से बचें

महेश सिंह विशाल इंडिया

▸ गणेश चतुर्थी पर बुधवार से 10 दिन तक शहर का यातायात बदला रहेगा यह व्यवस्था सुबह 10 : 00 बजे से कार्यक्रम समाप्त तक लागू रहेगी।

**लखनऊ।** अयोध्या मार्ग व गोमती नगर की ओर से आने वाली बसें कामता तिराहे से विजयपुर अंडरपास चौराहा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, समता मूलक चौराहा गांधी सेतु 1090 चौराहा, पी एन टी बालू अड्डा, संकल्प वाटिका तिराहा, चिरैया झील तिराहा, सी डी आर आई तिराहा, होते हुए कैसरबाग आ जा सकेंगी।

गणेश चतुर्थी पर बुधवार से 10 दिन तक शहर का यातायात बदला रहेगा यह व्यवस्था सुबह 10: 00 बजे से कार्यक्रम समाप्त तक लागू रहेगी सीतापुर रोड से आने वाली बसें मडियाहू पक्का पुल चौराहा, डालीगंज पुल चौराहा, सी डी आर आई तिराहा होते हुए कैसरबाग को जा सकेंगी, वापसी में बलरामपुर ढाल, शहीद स्मारक होकर जाएंगी, चौक डालीगंज पुल की ओर से आने वाला यातायात क्लार्क अवध तिराहा से सीधे सुभाष चौराहा होकर नहीं जा सकेगा यह चिरैया झील तिराहे होकर जाएगा।

डालीगंज पुल इक्का तांगा स्टैंड चौराहे से आने वाला यातायात गोमती नदी बांध होकर नदवा कॉलेज की ओर नहीं जा सकेगा यह गोमती पुल पारकर या उमराव सिंह धर्मशाला होकर जा सकेगा।

टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे से मकबरा रोड की और से यातायात परिवर्तन चौक की ओर नहीं जा सकेगा यह क्लार्क अवध तिराहा होकर जाएगा।

निराला नगर की ओर से आने वाला यातायात आईटी चौराहे से लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग होकर सुभाष चौराहे की ओर नहीं जा सकेगा यह आईटी चौराहे से समथर पैट्रोल पंप होते हुए निशातगंज डालीगंज पुल से जाएगा।

कैसरबाग सी डी आर आई क्लार्क अवध तिराहे की ओर से सुभाष चौराहे की और वाहन नहीं जाएंगे। क्लार्क अवध तिराहे से सीधे कृष्णा मेडिकल सेंटर होते हुए चिरैया झील की ओर से जाएगे।

गंज चौराहा की ओर से आने वाला यातायात सुभाष चौराहा से आईटी चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा यह चिरैया झील तिराहा होकर जाएगा।

हनुमान सेतु नदवा बांध तिराहा से नदवा बांदा रोड झूलेलाल पार्क की और वहां नहीं जाएंगे आईटी चौराहा होकर गंतव्य को जा सकेंगे।

## हॉस्टल के बाथरूम में नहा रही छात्रा का वीडियो बनाया

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां गर्ल्स हॉस्टल के बाथरूम में लड़कियों का वीडियो बनाया जा रहा था। इसका खुलासा तब हुआ जब रविवार को 10वीं की एक छात्रा नहा रही थी। इसी दौरान उसकी नजर बाथरूम के रोशनदान पर पड़ी। उसने देखा कि एक युवक रोशनदान से वीडियो बना रहा था। यह देखकर वह चिल्ला पड़ी। तुरंत कपड़े चेंज करके बाहर आ गई। छात्रा की चीख सुनकर हॉस्टल की और लड़कियां भी भागकर आ गईं। उन्होंने वीडियो बना रहे हिमांशु राय को रंगे हाथ पकड़ लिया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया। उसके मोबाइल-लैपटॉप की जांच की। सूत्रों के मुताबिक, इसमें लड़कियों के नहाते हुए 40 वीडियो मिले हैं। पुलिस ने वीडियो को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के हीरापट्टी का है।

## वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत लगाया जन जागरूकता कैम्प



**ललितपुर।** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित तीन माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान जोकि 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड बिरधा की ग्राम पंचायत बंट के पंचायत भवन में एक वित्तिय साक्षरता कैम्प का अयोजन जनपद ललितपुर जिले का अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक की शाखा बंट के द्वारा आयोजित किया गया। आरबीआई व आरोह फाउंडेशन से ए एफ सी आदि द्वारा किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण व दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं,प्रधानमंत्री जनधन खाते, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन को सशक्त करना है। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक रंजीत कुमार ने उपस्थित सैंकड़ो महिला पुरुष से उनकी समस्या सुनी समाधान करने का आश्वासन दिया और उपस्थित समूह की महिलाओं से समूहों के बारे में जानकारी ली और उसको आगे कैसे बढ़ाया जाए उसके बारे में बताया। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उधमी योजना के बारे में भी बताता।

## शार्ट न्यूज

### एक ही गांव में अचानक तीन मौतों से दहशत में लोग

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी



**भीटी अंबेडकर नगर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सभा दारीडिहा मजरे बरईका पुरा में शिवानंद सिंह पुत्र आनंद सिंह उम्र 32बर्ष करीब एक माह से लखनऊ के लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा था,डाक्टरों नेभी मरीज को भेज दिया कहा कि घर ले जाकर सेवा करो बस अंतिम समय आ चुका है। जिनका बुधवार को सुबह 10बजे अंतीम सांस ली,दूसरा व्यक्ति मुस्ताक अली पुत्र स्व रहीम कामी उपचार के दौरान अम्बेडकर नगर मे मृत्यु हो गई,तीसरा नवनीत का पुत्र जो कि एक बर्ष का था,इस तीनों घटना से क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है। जिले के भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष राजमणि सिंह साथ में डाक्टर अयोध्या भाजपा प्रसाद तथा वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंह ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव मदद का वादा किया।

### 5 लाख की सुपारी देकर कराई कारोबारी की हत्या

**वाराणसी।** वाराणसी के कारोबारी की हत्या 50 करोड़ की जमीन के लिए गाजीपुर के शूटरों ने की थी। मर्डर के लिए 5 लाख रुपए सुपारी दी गई थी। बुधवार दोपहर को डीसीपी वरुणा प्रमोद कुमार, डीसीपी क्राइम सरवणन टी. ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया। डीसीपी वरुणा प्रमोद कुमार ने बताया- हत्या के खुलासे के लिए 10 टीमें बनाई गई थीं। सीसीटीवी फुटेज और जमीन के विवाद को तलाशना शुरू किया। इसमें पता चला कि योगेंद्र और महेंद्र जमीन का कारोबार करते थे। योगेंद्र लोकल कॉलोनाइजर बनना चाह रहा था। उसका महेंद्र से जमीन का विवाद हो गया था। जमीन चंदन शुक्ला और कैलाश शुक्ला की थी। इसकी वैल्यू 50 करोड़ रुपए के आसपास थी। उसी विवाद को सुलझाने के लिए 3 लोगों ने मिलकर 5 अगस्त को प्लानिंग की। फिर 3 शूटर्स के जरिए इसे एग्जिक्यूट कराया। 4 लोगों को अरेस्ट किया गया। इनमें जोगेंद्र, संपूर्णानंद शुक्ला, चंदना शुक्ला, श्यामप्रकाश राजभर शामिल हैं। बुधवार सुबह मुठभेड़ में मुकीम को भी गिरफ्तार किया है। मुकीम मर्डर की सुपारी के 5 लाख रुपए लेने आया था।

### आगरा के कारोबारी पति-पत्नी अरेस्ट

**आगरा।** आगरा के कारोबारी और उनकी पत्नी को पुलिस ने जयपुर से गिरफ्तार किया। उनपर 22 मुकदमे दर्ज हैं। ये वही कारोबारी प्रखर गर्ग हैं, जिसने बांके बिहारी कॉरिडोर के लिए 510 करोड़ रुपए दान देने का प्रस्ताव दिया था। प्रखर गर्ग पर व्यापारी अरुण सोंधी ने 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रखर ने अरुण को 2 करोड़ रुपए के चेक दिए थे, जोकि बाउंस हो गए। कोर्ट की कई तारीखों में भी प्रखर गर्ग हाजिर नहीं हुए थे। कोर्ट ने उनके खिलाफ NBW जारी किया था। पुलिस इसी मामले में उसकी तलाश कर रही थी। इसके लिए टीम गठित की गई थी। पुलिस कारोबारी और उसकी पत्नी को बुधवार को पकड़कर आगरा के हरीपर्वत थाने लेकर आई। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रखर गर्ग के लंगड़े की चौकी द्वारिकापुरम स्थित घर पर जनवरी 2025 में पुलिस ने नोटिस चस्पा किया था। इस दौरान ढोल बजवाकर मुनादी भी कराई गई थी। एसीजेएम-5 की कोर्ट में प्रखर गर्ग और अन्य के खिलाफ केस की सुनवाई हुई थी। कोर्ट में प्रखर गर्ग उपस्थित नहीं हुए। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि पत्रावली के परिशीलन से ऐसा लग रहा है कि अभियुक्तों को मामले की पूरी जानकारी है।

### फिरोजाबाद में 9 साल की बच्ची की हत्या

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में 9 साल की बच्ची की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह बच्ची अपने पिता के साथ खेत में गई थी। पिता उसे छोड़कर चाय पीने घर चला गया। लौटकर आया तो बच्ची वहां मौजूद नहीं थी। उसने फोन पर कॉल किया तो रिसीव नहीं हुआ। थोड़ी देर बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। इसके बाद पिता ने पुलिस को सूचना दी। फिर बच्ची की खोजबीन शुरू हुई। करीब 20-25 मिनट बाद बच्ची का शव बाजरे के खेत में मिला। इससे गुस्साए परिजन एटा-टूंडला मार्ग पर जाम लगाकर बैठ गए। परिजनों का कहना है कि पूरे थाने को सस्पेंड किया जाए। सूचना पर स्कपांच थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। परिजनों को समझाने में जुटे हैं। बच्ची की मां का रोते-रोते बेसुध हो जा रही है। मामला रिजवाली क्षेत्र के गढ़ी पांडे गांव का है। पांडे गांव में देवेंद्र पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। बड़ी बेटी का नाम प्राची है। दूसरे नंबर पर काजल थी। वह क्लास-4 में पढ़ती थी। सबसे छोटा बेटा रितिक है। देवेंद का कहना है- बुधवार सुबह साढ़े 7 बजे मैं बेटी काजल को लेकर खेत में गया था। थोड़ी देर बाद मैं बेटी को बकरियों के साथ छोड़कर चाय पीने घर चला आया।

### लखनऊ में डायरिया से 12 साल की बच्ची की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में डायरिया के एक और संक्रमित की मौत हो गई है। जानकीपुरम सेक्टर 7 की रहने वाली 12 साल की बच्ची सरिता ने बलरामपुर अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को दम तोड़ दिया। इससे पहले इसी इलाके के राजेश कौशल की भी इसी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई थी। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने मौत का कारण सेप्टीसीमिया और अनकंट्रोल शुगर बताया था। सीएमओ ऑफिस प्रवक्ता योगेश रघुवंशी के मुताबिक बच्ची को 25 अगस्त की सुबह जानकीपुरम के ट्रॉमा सेन्टर में भर्ती किया गया था। इस बीच उसकी कंडीशन में सुधार न होते देख उसे 26 अगस्त को बलरामपुर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी बुधवार को मौत हुई। बलरामपुर अस्पताल की तरफ से मृतक का डेथ ऑडिट सर्टिफिकेट जारी कर बताया गया कि मौत का कारण हाइपोवॉलमिक शॉक और सेप्टीसीमिया है। इससे पहले राजेश कौशल की मौत के बाद सेप्टीसीमिया और अनकंट्रोल शुगर को मौत का कारण बताया गया था। हालांकि, मृतक राजेश के परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग के दावों को खारिज करते हुए उसे शुगर होने के बात को सिरे से नकार दिया था।

# सनकी पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काट डाला

**बांदा।** बांदा में एक पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी को काट डाला। महिला रात में काम निपटाकर सोने गई थी, तभी आरोपी ने अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और कुल्हाड़ी से वार करके मार डाला। आवाज सुनकर बेटी पहुंची तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की है।

आरोपी कुछ साल पहले भी महिला को मारने की कोशिश कर चुका था, लेकिन तब बच्ची ने मां को बचा लिया था। बताया जा रहा है कि आरोपी का दिमाग कई बार सनक जाता था तो वह ऐसी हरकत करता था। मामला तिंदवारी थाना क्षेत्र के धौंसड गांव का है। घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे की है।

तिंदवारी का रहने वाला रामसीस (44) घर में छोटी परचून की दुकान चलाता था। घर में पत्नी मंजू (40) और 4 बेटियां व एक छोटा बेटा है। रामसीस खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। इसके बाद उसकी पत्नी और बच्चों ने खाना खाया। बच्चे अपने कमरे में सोने चले गए। कुछ देर बाद बच्चों को कमरे से आवाज सुनाई दी।

# उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री से बरखेड़ा विधायक की भेंट

**महामंडलेश्वर ने क्षेत्रीय विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा**





पीलीभीत। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों, जनहित की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने उपमुख्यमंत्री से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से उन्होंने बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, नहरों की सफाई, बाढ़ नियंत्रण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार संबंधी मांग रखी।बैठक के दौरान बरखेड़ा विधायक ने बताया कि बरखेड़ा क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता सूची में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर न्यूरिया मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल राजपूत, बरखेड़ा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित कुशवाहा, अजय गुप्ता, बिलाक सिंह गुर्जर और अभिमन्यु गंगवार भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने उपमुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार बरखेड़ा क्षेत्र के विकास के लिए ठोस कदम उठाएगी।

# शिक्षकों की समस्याओं पर डीआईओएस से भेंट, समाधान के प्रति जताया आभार



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के जिला अध्यक्ष व सदस्य राज्य परिषद लक्ष्मीकांत शर्मा तथा सतीश चंद्र गंगवार ने सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की।इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय पेंशन योजना से संबंधित उपलब्ध डाटा अपडेट कर दिया गया है। सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज अमृता खास के शिक्षक संतोष कुमार और रामकृष्ण के प्रान नंबर जारी कर दिए गए हैं। वहीं, सतीश चंद्र गंगवार को प्रकरण निस्तारण की प्रति उपलब्ध करा दी गई है। शिक्षकों के लिए आयकर विवरण प्रस्तुत करने हेतु फार्म-16 भी जारी कर दिया गया है, जिसे शिक्षक प्राप्त कर सकते हैं।

शेष लंबित समस्याओं पर भी कार्रवाई की जा रही है। इसमें सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, पीलीभीत के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता धर्मेंद्र सब्बरवाल की पूर्व सेवाओं को जोड़ने,लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, चंदिया हजारा के शिक्षक नागेंद्र कुमार के वर्ष 2024 के मूल्यांकन भुगतान,सामूहिक बीमा की प्राप्त राशि को संबंधित खातों में भुगतान,गांधी स्मारक इंटर कॉलेज बिलसंडा के शिक्षक प्रदीप कुमार, ओमकार सहित पांच शिक्षकों की वेतन वृद्धि तथा ओम प्रकाश वर्मा के वेतन अवशेष बिलों का अग्रसारण जैसे मामलों में पटल सहायकों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जिला अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा और राज्य परिषद सदस्य सतीश चंद्र गंगवार ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता दिखाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक का आभार जताया।

## बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

**फतेहपुर।** फतेहपुर में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने घर के बाहर सो रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या कर दी। हमलावरों ने बुजुर्ग पर इतने वार किए कि उनकी एक आंख निकलकर बाहर आ गई। जबड़ा चीर दिया। पूरा चेहरा क्षतविक्षत कर दिया। हमले में दो यूपी पुलिस के एक रिटायर्ड सिपाही समेत दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर परिजन व आसपड़ोस के दो अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे, आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। बुजुर्ग के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। यह वारदात धाता थाना क्षेत्र के अजरौली गांव में मंगलवार रात करीब 9.30 बजे हुई। केशपाल सिंह (65) अपने घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाला श्याम पांडेय पुत्र कैलाश पांडेय आया। साथ में कुछ अज्ञात लोग भी मौजूद थे। श्याम पांडे और उसके साथी नशे में पूरी तरह धुत थे। उसने आते ही केशपाल पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। ताबड़तोड़ कई वार किए। चीख पुकार सुनकर पड़ोस में ही रहने वाले रिटायर्ड वीरभान सिंह और किसान रामलखन सिंह मौके पर पहुंचे।

# बेटे को जहर देकर पति-पत्नी ने फांसी लगाई

**शाहजहांपुर में करोड़पति कारोबारी का पूरा परिवार खत्म**

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में करोड़पति कारोबारी ने पत्नी और 4 साल के बेटे के साथ सुसाइड कर लिया। सचिन ग्रोवर और शिवांगी ने पहले बेटे फतेह को चूहे मारने की दवा खिलाकर मारा। फिर दोनों पति-पत्नी फंदे से लटक गए। बताया जा रहा कि व्यापार में घाटा होने से सचिन ग्रोवर परेशान थे। बुधवार सुबह घर में कोई हलचल नहीं हुई तो नीचे रह रहे परिजनों को शक हुआ। उन्होंने खिड़की के झांककर देखा तो सचिन और शिवांगी के शव फंदे से लटके दिखे। सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई। बेटा फतेह बेड पर अचेत पड़ा था। सचिन और शिवांगी अलग-अलग कमरे में फंदे पर लटके हुए थे। शिवांगी बेडरूम में, जबकि सचिन का शव ड्राइंग रूम में लटका मिला। सभी को अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मरने से पहले शिवांगी ने अपनी मां को 12 पेज का सुसाइड नोट वॉट्सऐप पर भेजा था। उसमें लिखा- मेरी वजह से आप लोग परेशान रहते हैं। अब आप लोग आराम से रहिएगा।

# बाघ एक्सप्रेस पहुंची ग्राम इटोरिया और महद खास

**नुक्कड़ नाटक कर लोगों को बताया मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के बारे में**



**पीलीभीत।** आज मानव और वन्यजीवों के सहअस्तित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही बाघ एक्सप्रेस जागरूकता अभियान के तहत आज यह अभियान ग्राम इटोरिया और महद खास में पहुंचा। लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और एम3एम फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की कार्यक्रम में लगभग 390 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान बाघ एक्सप्रेस में लगी टीवी के माध्यम से मानव और वन्यजीवो के सहअस्तित्व से जुड़ी छोटी-छोटी फिल्म , नुक्कड़ नाटक और संवाद सत्रों के माध्यम से स्थानीय लोगों को वन्यजीव संरक्षण और उनके साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन बाघ मित्र राजीव कुमार के द्वारा किया गया ,बाघ मित्र नरेंद्र पाल, पुरुषोत्तम PTR स्टाफ से फॉरेस्ट गार्ड अमन और बन वाचर लेखराज मौजूद रहें। इस पहल के तहत कलाकारों ने रोचक और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिनमें वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा, मानवीय गतिविधियों के कारण बढ़ते खतरे और बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण की जरूरत पर प्रकाश डाला गया। स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और किसानों, महिलाओं बच्चों और युवाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत वन जीवो से सुरक्षा हेतु कौन-कौन से उपाय करने चाहिए उससे संबंधित पंपलेट भी लोगों को वितरित किए गए ,पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि बाघ एक्सप्रेस का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि लोगों को वन्यजीवों के साथ सुरक्षित और सकारात्मक संबंध बनाने के लिए प्रेरित करना भी है।

# जिलाधिकारी ने पुलिस व प्रशानिक अधिकारियों के साथ की बैठक

**आयोजन स्थलों पर रहेगा पुलिस का होगा पहरा, महिला कान्सटेबिल की होगी तैनाती**




**ललितपुर।** आगामी त्यौहारों गणेश उत्सव, जल विहार, ईद-उल-मिलाद नवी/बारावफात, विश्वकर्मा जयंती, अनंत चतुर्दशी, जैन पर्यूषण पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था व तैयारियों के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है, जिसके लिए जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं तथा सभ्रान्त नागरिकों के साथ बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कोई भी नई परम्मपरा शुरु नहीं की जाएगी, प्रत्येक आयोजन स्थल एवं जुलूस के मार्गों पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे। गणेश उत्सव के तहत 87 प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं, इनके आसपास पर्याप्त सफाई करायी जाये और पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहे। सभी आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें, जुलूस मार्गों पर गड्ढे भरवाकर सड़क की मरम्मत करायी जाए और अतिक्रमण हटवाया जाए। जर्जर तारों को ठीक कराया जाए तथा अन्ना जानवरों को प्रतिबंधित किया जाए। इसके साथ ही सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में शान्ति समिति की बैठके आयोजित करा लें।

उन्होंने सभी धर्मगुरुओं से भी कहा कि अपने-अपने लोगों को शान्तिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित करें, आयोजन स्थलों पर वॉलेन्टियर्स तैनात करें और सतत् निगरानी रखें।

# बंडई नदी और जाखलौन तालाब का होगा पुनरोद्धार

**राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार तैयार होगी कार्ययोजना**



**ललितपुर ।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया द्य प्रभागीय वनाधिकारी गौतम सिंह द्वारा बैठक का शुभारम्भ किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री अमनदीप डुली ने परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के पत्र के सन्दर्भ में अवगत कराया कि जनपद में नदी पुनरोद्धार हेतु मडावरा ब्लॉक में 9 किमी लम्बी बंडई नदी एवं वाटर बॉडी पुनरोद्धार हेतु जाखलौन ब्लॉक में जाखलौन तालाब का चयन कर लिया गया है । शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सभी कार्यदायी विभाग जल्द नदी व तालाब का भौतिक सत्यापन कर कार्ययोजना तैयार करेंगे। बताया गया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा और उसकी सहायक नदियों की निर्मलता, अविरलता तथा संरक्षण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है द्य नमामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए समय-समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसी क्रम में नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु जनपद के विद्यालयों के छात्र- छात्राओं को जागरूक किये जाने के लिए विस्तृत चर्चा, गंगा शपथ, गंगा कथा, नदी प्रेरक का चयन, पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा शैक्षणिक भ्रमण इत्यादि गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। जिला गंगा समिति एवं बुंदेलखंड सेवा संस्थान द्वारा जल चौपालों का आयोजन भी किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### म्यांमार में भूकंप के झटके

नाएप्यीडॉ, एजेंसी। म्यांमार में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इन भूकंप के झटकों की तीव्रता 3.5 रही। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन में 25 किलोमीटर नीचे था। इससे पहले भी म्यांमार में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिनकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.9 थी। म्यांमार भूकंप के लिहाज से संवेदनशील इलाके में स्थित है और यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। इस साल 28 मार्च को भी यहां 7.7 और 6.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### ताइवान की सीमा में घुसे चीनी विमान

ताइपे, एजेंसी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि चीनी सेना के छह विमानों और सात युद्धक जहाजों ने ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि छह पीएलए विमानों और सात युद्धक जहाजों के साथ ही चीनी सेना के एक आधिकारिक जहाज को सुबह छह बजे ताइवान की सीमा के पास देखा गया। छह विमानों में से एक ने मीडियन लाइन को पार कर ताइवान की सीमा में प्रवेश किया। हम हालात की समीक्षा कर रहे हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। गौरतलब है कि चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और इसके चलते अक्सर उसके विमान और युद्धक जहाज ताइवान की सीमा का उल्लंघन करते दिख जाते हैं।

### नौ मई दंगा केस में इमरान के 75 समर्थकों को जेल

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान की एक आतंक-रोधी कोर्ट ने सोमवार को इमरान खान की पार्टी के 75 नेताओं व कार्यकर्ताओं को नौ मई, 2023 के दंगों का दोषी पाते हुए तीन से 10 साल जेल की सजा सुनाई। मामले में कुल 109 आरोपी थे। फैसलाबाद एटीसी ने यह फैसला राणा सनाउल्लाह के घर पर हमले के मामले में सुनाया। सनाउल्लाह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की पंजाब इकाई के अध्यक्ष हैं। पीटीआई पार्टी के 59 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 10-10 साल और 16 अन्य को तीन-तीन साल की सजा सुनाई गई है। दोषी ठहराए गए प्रमुख लोगों में नेशनल असेंबली के पूर्व नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिबली फराज, पूर्व सांसद जरताज गुल अहमद चट्ठा शामिल हैं। बलूचिस्तान पोस्ट के मुताबिक ग्वादर व कराची में लोगों को गिरफ्तार कर गायब करने की घटनाएं बढ़ गई हैं। सुरक्षा बलों ने रविवार देर रात तक ग्वादर के कुलदान, गुब्द व सिंध के कराची से छह लोगों को उठा लिया। इस दौरान सैनिकों ने उनके साथ मारपीट भी की। वहीं, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग आतंकी हमलों में पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं।

### नग्न होकर सड़क पर घूम रहे लिल नास एक्स पर पुलिस पर हमला करने के आरोप

लॉस एंजेलिस, एजेंसी। मशहूर अमेरिकी रैपर और सिंगर मोन्टेरो लामार हिल जो कि लिल नास एक्स के नाम से जाने जाते हैं। उनपर पुलिस अधिकारियों पर हमला करने और विरोध करने के आरोप में चार आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। यह कार्रवाई उस घटना के बाद की गई जब वे पिछले हफ्ते लॉस एंजेलिस की एक सड़क पर नग्न हालत में घूमते पाए गए। लॉस एंजिलिस जिला अटॉर्नी ऑफिस के मुताबिक, 26 वर्षीय लिल नास एक्स पर तीन बार पुलिस अधिकारी को चोट पहुंचाने और एक बार अधिकारी का विरोध करने की गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले शुक्रवार को उन्हें मामूली अपराध (मिस्डीमीनर) के तहत हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे स्टूडियो सिटी इलाके की व्यस्त वेंचुरा बुलेवार्ड पर उन्हें नग्न हालत में टहलते देखा गया। जब पुलिस ने उन्हें रोका, तो उन्होंने अधिकारियों पर हमला कर दिया। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को शक था कि वह किसी नशे की हालत में हो सकते हैं, इसलिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ घंटे बिताने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। तब से वह पुलिस हिरासत में हैं।

### चीन में काजिकी तूफान से पहले 20 हजार लोग हटाए गए

सान्या, एजेंसी। चीन के सान्या शहर में काजिकी नामक तूफान से मंगलवार सुबह तक 320 मिमी (12.6 इंच) तक बारिश होने की आशंका है। इसे देखते हुए अधिकारियों ने दुकानें और सार्वजनिक परिवहन को बंद कर दिया है। तूफान के चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान के दक्षिणी तट से गुजरने के दौरान तेज हवा-बारिश की आशंका है। इसे दखेते हुए 20,728 लोगों को क्षेत्र से हटाया गया है। हैनान में 2,800 से ज्यादा बचावकर्मी तैनात किए गए हैं। सभी 30,769 मछली पकड़ने वाली नौकाएं बंदरगाह पर लौट आई हैं। वहीं, वियतनाम में तूफान के मद्देनजर लाखों लोगों को सुरक्षित हटाया गया है।

# दिवगंत कारोबारी स्वराज पॉल की याद में रखी गई प्रार्थना सभा, बेटे ने कहा- आगे बढ़ाऊंगा ईमानदारी की विरासत

**लंदन, एजेंसी।** जाने-माने अप्रवासी भारतीय कारोबारी लॉर्ड स्वराज पॉल का कुछ दिन पहले 94 साल की उम्र में लंदन में निधन हुआ। उनके बेटे आकाश पॉल ने कहा कि उनके पिता की सच्चाई, भरोसा और ईमानदारी की विरासत हमेशा उनके परिवार और उनके कारोबार कैपैरो समूह का मार्गदर्शन करती रहेंगी। लंदन के चिड़ियाघर में एक प्रार्थना सभा रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। यह वही चिड़ियाघर है जिसे लॉर्ड पॉल ने अपने पैसे से बंद होने से बचाया था। इसलिए उनकी याद में यह जगह चुनी गई। इस कार्यक्रम में उनके दोस्त, कारोबारी, नेता और समाज सेवा से जुड़े लोग शामिल हुए। प्रार्थना के दौरान वैदिक मंत्रों का पाठ किया गया।

कैपैरो समूह के निदेशक आकाश पॉल ने पीटीआई से कहा, पिता के लिए लोगों का इतना प्यार और सम्मान देखकर मैं भावुक हूं, शारीरित रूप से उत्साहित हूं और श्रद्धांजलि देने वालों की संख्या देखकर आश्चर्यकित हूं, लेकिन उनके (दिवंगत पिता) गुणों से हैरान नहीं हूं। आकाश ने कहा, मुझे पिता की महान आत्मा पर गर्व है। अब मैं मन से प्रेरित हूं कि उन्होंने जो ईमानदारी, मेहनत और अच्छे सिद्धांतों की मजबूत विरासत छोड़ी है, मैं उसे आगे बढ़ाता रहूं। सच्चाई, भरोसे और साफ दिल से काम करना ही उनकी सबसे बड़ी विरासत है, जो हमेशा हमारे साथ रहेगी।



आकाश ने बताया कि जब वह अपनी पत्नी के साथ आइसलैंड घूमने गए थे, तभी खबर मिली कि पिता उनसे और पोते से बात करना चाहते हैं। जब फोन कान पर लगाया गया, तो आकाश रो पड़े। उन्होंने कहा, मैंने पिता से कहा कि मैं उनसे बहुत प्यार करता हूं और जल्दी मिलूंगा। लेकिन यही मेरी उनसे आखिरी बात थी। जैसे ही मैंने अपनी बात खत्म की, कुछ ही मिनट में उनके देखभाल करने वाले का फोन आया कि पिता ने मेरी आवाज सुनकर ही दुनिया को अलविदा कह दिया।

जुलाई 2024 में लॉर्ड पॉल ने आकाश को वूल्वरहैम्प्टन विश्वविद्यालय में सम्मानित किया था। उस वक्त उन्होंने कहा था कि आकाश ने उनके कारोबार को भारत, यूरोप, अमेरिका और ब्रिटेन में आगे बढ़ाया है। आकाश ने कहा, मैं ए से लेकर जेड तक हर अक्षर का इस्तेमाल यह बताने के लिए इस्तेमाल कर सकता हूं कि वह उद्योग जगह के एक महान शख्स क्यों थे। इस प्रार्थना सभा में उनके भाई अंबर, बहन अंजली, उनके पोते-पोतियां, पड़पोते और परिवार के अन्य सदस्य भी शामिल हुए।

लॉर्ड स्वराज पॉल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ था। उन्होंने अपनी बेटी अम्बिका की मौत के बाद लंदन आकर मेहनत से बहुत बड़ा कारोबार खड़ा किया। उन्होंने भारत और इंग्लैंड के संबंधों को भी मजबूत किया। बाद में उन्होंने अपनी बेटी, बेटे और पत्नी की याद में समाज सेवा का काम शुरू किया- जैसे बच्चों के लिए चिड़ियाघर, स्कूलों को मदद और कई दान कार्य। अपनी किताब में उन्होंने लिखा था, मैं बहुत बड़ा आदमी बनने का सपना नहीं देखता था। मैंने जो भी पाया, वो मेहनत से पाया। लेकिन अब मेरी एक ही ख्वाहिश है कि बच्चों का चिड़ियाघर दुनिया का सबसे अच्छा चिड़ियाघर बने।

## प्रधानमंत्री अल्बनीज का सनसनीखेज आरोप- ईरान ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी हमले करवाए

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ईरान पर गंभीर आरोप लगाया कि उसने ऑस्ट्रेलिया में कम से कम दो यहूदी विरोधी हमलों को अंजाम देने का निर्देश दिया। अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खुफिया सेवाओं के मुताबिक, सिडनी के एक रेस्टोरेंट और मेलबर्न की एक मस्जिद पर हुए हमलों के पीछे ईरान का हाथ है। इस वजह से ऑस्ट्रेलिया ईरानी राजदूत को निष्कासित कर रहा है।

**ईरान सरकार ने दिए हमलों के आदेश :** अल्बनीज ने खुफिया एजेंसी का हवाला देते हुए बताया कि ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर एक चिंताजनक निष्कर्ष निकाला है। कम से कम दो हमलों का निर्देश ईरान सरकार ने दिया था। ईरान ने अपनी संलिप्तता को छिपाने की कोशिश की, लेकिन एएसआईओ का मानना है कि इन हमलों के पीछे ईरान ही था। उन्होंने कहा कि पिछले साल 20 अक्टूबर को सिडनी के लुईस कॉन्टिनेंटल किचन और 6 दिसंबर को मेलबर्न के अदास इजराइल सिनागॉग पर हुए हमलों में ईरान की भूमिका थी, जिसे उसने छिपाने की कोशिश की।



**सामाजिक एकता को तोड़ने की साजिश :** अल्बनीज ने कहा कि एएसआईओ के अनुसार, संभव हो कि ईरान ने और हमलों की योजना बनाई हो। उन्होंने इसे ऑस्ट्रेलियाई धरती पर एक विदेशी राष्ट्र द्वारा रची गई असाधारण और खतरनाक आक्रामकता करार दिया। ये हमले सामाजिक एकता को कमजोर करने और समुदाय में विभाजन पैदा करने की कोशिश थे।

अल्बनीज ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने तेहरान स्थित अपने दूतावास का कामकाज स्थगित कर दिया है और सभी राजनयिक किसी तीसरे देश में सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार तेहरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर को आतंकवादी संगठन घोषित करेगी।

## वियतनाम से टकराया तूफान, दक्षिण पूर्व एशिया के कई हिस्सों में भारी बारिश-बाढ़ की चेतावनी

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम में एक उष्णकटिबंधीय तूफान के आने के बाद मंगलवार को दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। वियतनाम की राजधानी में भी भारी बारिश हुई, जिसके चलते सड़कों पर पानी भर गया, होर्डिंग उड़ गए और बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। वियतनाम के सरकारी मीडिया ने बताया कि तूफान काजिकी के चलते अब लाओस के ऊपर एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र बन गए हैं। थाईलैंड में भी बारिश का अनुमान है।



### छह लाख लोगों को सुरक्षित जगह ले जाया जा रहा

वियतनाम सरकार ने भारी बारिश के चलते थान होआ, क्वांग त्रि, ह्यू और दानंग प्रांतों में लगभग 600,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने की योजना बनाई है। तूफान के असर से इन इलाकों में बड़ी संख्या में घर उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में हैं। यही वजह है कि सरकार लोगों को प्रभावित इलाकों से निकाल रही है। इस काम में सरकार ने 16,500 से ज़्यादा सैनिक और 107,000 अर्धसैनिक बल के जवानों को लगाया है। सोमवार को उड़ानें रोक दिए जाने के बाद थान होआ और क्वांग बिन्ह प्रांतों के दो हवाई अड्डे मंगलवार को भी बंद रहे।

### जलवायु परिवर्तन के चलते दक्षिण पूर्व एशिया में ज्यादा आएंगे तूफान

मध्य वियतनाम के थान होआ और हा तिन्ह प्रांतों में रात भर भारी बारिश होती रही। राजधानी हनोई की सड़कें भी भारी बारिश से जलमग्न हो गईं। काजिकी तूफान के चलते चीन के दक्षिणी हैनान द्वीप पर भी तेज़ हवाएं और बारिश हुई थी। वैज्ञानिकों ने पिछले साल एक प्रकाशित अध्ययन में चेतावनी दी थी कि जलवायु परिवर्तन से गर्म हुए समुद्रों के परिणामस्वरूप दक्षिण पूर्व एशिया के चक्रवात जमीन के करीब बनेंगे, वे तेज़ी से मजबूत होंगे और लंबे समय तक चलेंगे, जिससे शहरों के लिए जोखिम बढ़ जाएगा।

### तूफान और भारी बारिश से हुआ नुकसान

राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने बताया कि काजिकी तूफान के चलते वियतनाम में 117 किलोमीटर प्रति घंटे (73 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई। तूफान ने होर्डिंग और कई इमारतों की छतें उड़ा दीं, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। यह तूफान सोमवार दोपहर वियतनाम से टकराया, जिससे तटीय प्रांतों में बाढ़ आ गई।

## ट्रम्प ने चीन पर 200प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी: कहा- मेरे पास ऐसे कार्ड हैं, जिन्हें खोल दिया तो चीन बर्बाद हो जाएगा

**वॉशिंगटन डी सी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन पर 200प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा, अगर चीन ने अमेरिका को पर्याप्त मात्रा में मैग्नेट (चुम्बक) की सप्लाई नहीं की, तो उनके आयात पर भारी टैरिफ लगाया जा सकता है।

ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि वह चीन के साथ बेहतर रिश्ता चाहते हैं, लेकिन व्यापारिक तनाव अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यापार विवाद में वॉशिंगटन की स्थिति से ज्यादा मजबूत है। ट्रम्प ने कहा, चीन के पास कुछ कार्ड हैं। हमारे पास भी कुछ कार्ड हैं, लेकिन मैं ये पत्ते नहीं खेलना चाहता। अगर मैंने ऐसा किया, तो चीन बर्बाद हो जाएगा। मैं ये पत्ते नहीं खेलूंगा। ट्रम्प ने यह टिप्पणी साउथ कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ बैठक के दौरान की।

ट्रम्प ने आगे कहा कि उन्होंने हाल ही में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की है और बीजिंग की यात्रा पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, किसी भी समय, शायद इसी साल या उसके तुरंत बाद, मैं चीन जा सकता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि शी जिनपिंग ने उन्हें न्यौता दिया है।



**अमेरिका ने चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ 90 दिन टाला था :** इससे पहले ट्रम्प ने 12 अगस्त को 90 दिनों के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने अमेरिका-चीन टैरिफ डेडलाइन 9 नवंबर तक बढ़ाने के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किया है। इससे पहले अमेरिका और चीन के बीच 11 मई को जिनेवा में ट्रेड डील हुई थी। अमेरिका और चीन के बीच लंबा टैरिफ वॉर चला। ट्रम्प ने चीन पर 245प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। चीन ने जवाब में 125प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही। हालांकि, जिनेवा ट्रेड डील के बाद यह लागू नहीं हुआ।

**चीन ने अमेरिका को रेयर अर्थ मेटल्स की सप्लाई रोकी थी :** चीन ने अप्रैल में कई रेयर अर्थ मटेरियल और मैग्नेट्स पर नियंत्रण को और सख्त कर दिया था। अमेरिका के लगाए गए टैरिफ की जवाबी कार्रवाई के तौर पर चीन ने अमेरिका के लिए 7 अर्थ मटेरियल की ,सप्लाई पर रोक लगा दी थी। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए थे। ये मटेरियल ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं। इस फैसले से दुनियाभर में मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ा।

**इलेक्ट्रॉनिक्स से आईटी तक में रेयर अर्थ मटेरियल का इस्तेमाल :** रेयर अर्थ मटेरियल 17 एलिमेंट्स का एक ग्रुप है, जो कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर मिलिट्री इक्विपमेंट तक में इस्तेमाल होता है। इसका उपयोग आईटी इंडस्ट्रीज, सौर ऊर्जा, केमिकल इंडस्ट्रीज के अलावा आधुनिक तकनीकी ऑयल रिफाइनरी में और कई अन्य इंडस्ट्रीज में होता है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को किया बर्खास्त

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को उनके पद से हटा दिया है। लिसा कुक को 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नियुक्त किया था। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर जानकारी देते हुए कहा कि लिसा कुक को तत्काल प्रभाव से फेडरल रिजर्व के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स से हटाया जा रहा है।

**क्या है पूरा मामला? :** दरअसल, लिसा कुक पर मॉर्गेज फ्रॉड (गृह ऋण में धोखाधड़ी) का आरोप लगा था। ये आरोप फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के डायरेक्टर बिल पुल्टे ने लगाए थे। बिल पुल्टे ट्रंप के समर्थक और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के आलोचक माने जाते हैं। पुल्टे का दावा है कि जून 2021 में लिसा कुक ने मिशिगन में एक प्रॉपर्टी खरीदी और 15 साल के मॉर्गेज एग्रीमेंट में इसे अपना मुख्य निवास बताया।

उनका दावा है कि इसके एक महीने बाद जुलाई 2021 में कुक ने जॉर्जिया के अटलांटा में एक और प्रॉपर्टी खरीदी और 30 साल के एग्रीमेंट में इसे भी अपना मुख्य निवास बताया। पुल्टे ने सवाल उठाया कि जो व्यक्ति अपनी ब्याज दर बचाने के लिए झूठ बोल सकता है, वह ब्याज दरों को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी कैसे संभाल सकता है?

**22 अगस्त को ट्रंप ने मांगा था इस्तीफा :** इसके बाद पुल्टे ने 20 अगस्त को इस मामले को लेकर डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस से शिकायत भी की थी। पुल्टे की शिकायत के बाद जस्टिस डिपार्टमेंट के वकील एड मार्टिन ने फेड चेयर जेरोम पॉवेल को पत्र लिखकर लिसा कुक को तुरंत हटाने की मांग की था। मामला सामने आने के बाद ट्रंप ने भी इस मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए कुक से इस्तीफा मांगा। इसके बाद ट्रंप ने 22 अगस्त को ऐलान किया था कि अगर कुक इस्तीफा नहीं देती हैं तो वह उन्हें बर्खास्त कर देंगे।

# सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर, द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर हुई चर्चा

**अल्जीयर्स, एजेंसी।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को अपनी आधिकारिक अल्जीरिया यात्रा के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने को लेकर बातचीत की। जनरल द्विवेदी ने अल्जीरियाई थल सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मोस्तेफा समाली से मुलाकात की। उन्होंने भारत और अल्जीरिया की सेनाओं के बीच आपसी रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की।



भारतीय सेना के जनसंपर्क निदेशालय (एडीजी-पीआई) ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने अल्जीयर्स स्थित थल सेना कमान मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और फिर लेफ्टिनेंट जनरल मोस्तेफा समाली के साथ बातचीत की। बातचीत का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ाना, शांति और सुरक्षा के प्रति आपसी प्रतिबद्धता को मजबूत करना था।

अपनी यात्रा की शुरुआत जनरल द्विवेदी ने सोमवार को अल्जीरिया में भारत की राजदूत स्वाति विजय कुलकर्णी की ओर से आयोजित स्वागत रात्रिभोज के साथ की। इस कार्यक्रम में अल्जीरियाई गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न देशों के राजदूतों, रक्षा अधिकारियों, वाणिज्य मंडलों के प्रमुखों, थिंक टैंक और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। जरनल द्विवेदी से पहले हाल ही में भारत की राष्ट्रपति और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) भी अल्जीरिया की यात्रा कर चुके हैं। यह दौरे दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की गंभीरता को दर्शाते हैं।

इस यात्रा से पहले 30 जुलाई से एक अगस्त तक अल्जीयर्स में एक रक्षा सेमिनार आयोजित किया गया था, जिसमें भारतीय रक्षा कंपनियों ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। इसका मकसद भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा तकनीक और उद्योग में साझेदारी की नींव रखना था। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जनरल उपेंद्र द्विवेदी की यह पहली विदेशी यात्रा है। यह ऑपरेशन सात मई को उस समय शुरू किया गया था, जब 22 अप्रैल को पहलगाम में एक आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। भारत ने एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए यह अभियान चलाया।

## दुखद घटना पर गहरा अफसोस, पत्रकारों की मौत पर नेतन्याहू बोले- जांच होगी

**तेल अवीव, एजेंसी।** गाजा में इजरायल के हमले जारी हैं। हमास के उग्रवादियों को निशाना बनाने का दावा करने वाले इजरायली हमलों में आम नागरिक, पत्रकार और मेडिकल कर्मचारी बड़ी संख्या में मारे जा रहे हैं। सोमवार को इजरायल ने गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर हवाई हमला किया, जिसमें पांच पत्रकारों सहित 22 लोगों की जान चली गई। इस घटना के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मृतकों के प्रति खेद जताया और जांच की बात कही।

**नेतन्याहू ने क्या कहा? :** प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, इजरायल को गाजा के नासिर अस्पताल में हुई दुखद घटना पर गहरा अफसोस है। उन्होंने कहा कि इजरायल पत्रकारों, स्वास्थ्यकर्मियों और सभी नागरिकों के काम को महत्व देता है। सैन्य अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। हमारा युद्ध केवल हमास के आतंकियों के खिलाफ है। हमारा एकमात्र लक्ष्य हमास को हराना और अपने बंधकों को सुरक्षित वापस लाना है।

**पत्रकारों और डॉक्टरों की मौत :** बता दें कि सोमवार की घटना में रॉयटर्स, एसोसिएटेड प्रेस और अल जजीरा के पत्रकार मारे गए। तीनों समाचार एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। मृतकों में अल जजीरा के मोहम्मद सलामा, रॉयटर्स के कैमरामैन हुसाम अल-मसरी और एपी के लिए काम करने वाले स्वतंत्र पत्रकार मरियम अबू दक्का शामिल थे। गाजा के सिविल डिफेंस संगठन ने बताया कि उनके एक क्रू मेंबर की भी इस हमले में मौत हो गई।

**अस्पताल प्रशासन का बयान :** अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इजरायल के पहले हमले में चौथी मंजिल को निशाना बनाया गया, और कुछ देर बाद दूसरी मंजिल पर हमला हुआ। इस हमले से एम्बुलेंस और आपातकालीन सुविधाओं को भी नुकसान पहुंचा। हमले के बाद पूरे अस्पताल में दहशत फैल गई और चारों ओर धुआं छा गया।

**6 अगस्त से गाजा पर लगातार हमले :** गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इजरायल के एक हमले में कई पत्रकार मारे गए थे। इजरायल ने आरोप लगाया था कि मारा गया अल जजीरा का पत्रकार हमास के लिए काम करता था और वहां से वेतन लेता था। गाजा में इजरायली हमलों में सोमवार सुबह से कम से कम 61 लोग मारे गए हैं, जिनमें सात लोग मानवीय सहायता लेने के लिए कतार में खड़े थे। गाजा की नागरिक सुरक्षा के अनुसार, इजरायल ने 6 अगस्त से गाजा शहर में 1000 इमारतों को नष्ट कर दिया है।

# आईसीसी रैंकिंग: ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बनाई बढ़त, शुभमन गिल और रोहित शर्मा शीर्ष पर कायम

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग की नई जारी सूची में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बढ़त हासिल की है जबकि शुभमन गिल और रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से श्रृंखला हार का सामना करना पड़ा, लेकिन मैके में श्रृंखला के अंतिम मैच में शानदार जीत के बाद आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम को नवीनतम रैंकिंग में बढ़त मिली।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवरों के इस मुकाबले में 431/2 का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें उनके तीन बल्लेबाजों ट्रैविस हेड (142), मिच मार्श (100) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 118) ने शतक जड़े। परिणामस्वरूप, तीनों ने वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में अच्छी बढ़त हासिल की, जिसमें हेड एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर, मार्श चार पायदान ऊपर चढ़कर 44वें स्थान पर और ग्रीन 40 पायदान ऊपर चढ़कर 78वें स्थान पर पहुँच गए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी जोश इंगलिस ने भी वनडे बल्लेबाजों की सूची में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे मैच में 87 रनों की पारी की बदौलत यह दाएं हाथ का बल्लेबाज 23 स्थानों के सुधार के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय जोड़ी शुभमन गिल (784 रेटिंग अंक) और रोहित शर्मा (756) वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पाकिस्तान के दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर आजम (739) शीर्ष तीन में शामिल हैं।


वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर स्थिति और भी कड़ी है, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला समाप्त होने के बाद श्रीलंका के स्पिनर महेश दीक्षाना 671 रेटिंग अंकों के साथ साथी स्पिनर केशव महाराज के साथ शीर्ष पर हैं। महाराज ने सीरीज के आखिरी मैच में 57 रन देकर 1 विकेट चटकाने के बाद अपनी रैंकिंग खो दी है। उनकी रेटिंग दीक्षाना के बराबर हो गई है, जबकि श्रीलंकाई स्पिनर पूरे हफ्ते मैदान पर नहीं उतरे।

गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में सबसे बड़ा उछाल लुंगी एनगिडी के जरिए आया। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ तीन मैचों में सीरीज में सबसे ज्यादा 7 विकेट लेने के बाद छह स्थान की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं।




ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी सीन एबॉट (नौ स्थान की छलांग के साथ 48वें स्थान पर) और नाथन एलिस (21 स्थान की छलांग के साथ 65वें स्थान पर) ने भी प्रोटियाज के साथ सीरीज के दौरान कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद वनडे गेंदबाजों की सूची में जगह बनाई है।

## अनीष भानवाला के हाथों से छूटा गोल्ड, एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**शिमकेंट (कजाखिस्तान) (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाज अनीष भानवाला ने बुधवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का रजत पदक जीता। 22 साल के अनीष स्वर्ण पदक की दौड़ में सिर्फ एक अंक से चूक गए। उन्होंने 35 अंक जुटाए जो स्वर्ण पदक विजेता चीन के शु लियानबोफान से एक अंक कम रहा। कांस्य पदक कोरिया के ली जेइकयून ने जीता।

अनीष शुरुआती चार सीरीज के बाद एक अंक से आगे चल रहे थे लेकिन इसके बाद पिछड़ गए। मंगलवार को ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा देश को टीम खिताब भी दिलाया। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक 72 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में जूनियर स्पर्धाएं भी हो रही हैं। जूनियर निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अब तक 39 स्वर्ण पदक हासिल किए हैं।

## कोहली ने भी माना, पुजारा की वजह से नम्बर 4 पर बनाए ढेरों रन!, संन्यास पर दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेतेश्वर पुराजा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है और उनके संन्यास पर पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने कहा था कि पुजारा का तीसरे नंबर पर योगदान, चाहे आप सहमत हों या नहीं, विराट कोहली को भी खूब रन बनाने में मददगार रहा। अब कोहली ने पुजारा के संन्यास पर एक पोस्ट शेयर की है और उन्हें नम्बर 4 पर काम आसान बनाने के लिए धन्यवाद दिया है।

कोहली ने पुजारा के संन्यास पर देरी से प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया का सहारा लिया। कोहली ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए पुजारा के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'नम्बर 4 पर मेरा काम आसान बनाने के लिए शुक्रिया पुज्जी। आपका करियर शानदार रहा है। बधाई और आगे के लिए शुभकामनाएं। ईश्वर आपका भला करे चेतेश्वर पुजारा।'

गौर हो कि पुजारा भारतीय क्रिकेट में एक उल्लेखनीय विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7,195 रन बनाए और इस प्रारूप में भारत के आठवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनका दबदबा घरेलू क्रिकेट तक भी फैला, जहां उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 21,301 रन बनाए, जिससे अपने दौर के सर्वश्रेष्ठ लाल गेंद विशेषज्ञों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई।

# गंभीर की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, हाई कोर्ट ने इस मामले में कार्यवाही पर रोक लगाने से किया इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली उच्च न्यायालय पूर्व भारतीय क्रिकेटर और वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर के खिलाफ निचली अदालती कार्यवाही रोकने की याचिका से सहमत नहीं है। गंभीर, उनके फाउंडेशन और परिवार के सदस्यों पर अवैध रूप से कोविड-19 की दवाइयां वितरित करने के आरोप हैं। गंभीर के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने की याचिका दायर की गई थी। हालांकि न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने दृढ़ता से कहा कि अदालत इस अनुरोध पर विचार करेगी।




न्यायाधीश ने कहा, 'अगर आपने एक साधारण अनुरोध किया होता, तो मैं उस पर विचार करती। आप मुझे बहुत सी बातें बताने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले (पार्टी का) नाम, उनकी साख, उनके द्वारा किए गए कार्य। आप नाम उछालने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि यह अदालत में काम करेगा। यह काम नहीं करता।'

अदालत की सुनवाई 8 सितंबर को होनी थी। यह भी कहा गया कि पूर्व सांसद और क्रिकेटर ने लॉकडाउन के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाइयां दान की थीं। हालांकि, उच्च न्यायालय अपने मूल रुख से पीछे नहीं हटा। उच्च न्यायालय ने कहा कि एक बार स्थगन आदेश लागू हो जाने पर सुनवाई तुरंत रुक जाती है, जांच रुक जाती है और पूरा मामला 'अंततः खारिज' हो जाता है।

यह शिकायत मूल रूप से औषधि नियंत्रण विभाग (डीसीडी) द्वारा गंभीर और उनके फाउंडेशन गौतम गंभीर फाउंडेशन और सीईओ अपराजिता सिंह के खिलाफ दर्ज की गई थी। उनकी मां (सीमा गंभीर) और पत्नी (नताशा गंभीर) को भी औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के उल्लंघनकर्ताओं के रूप में नामित किया गया है।

## क्या धोनी आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए खेलेंगे? सनसनीखेज दावे से खूला राज



स्पोर्ट्स डेस्क ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके एमएस धोनी IPL में अभी भी खेल रहे हैं और पिछले दो सीजन को छोड़ दें तो टीम को 2023 में खिताब भी जीता चुके हैं।पिछले कुछ सालों से पूर्व भारतीय कप्तान IPL से संन्यास लेने के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन फ्रैंचाइजी टूर्नामेंट में खेलने की उनकी प्रबल इच्छाशक्ति ने प्रतियोगिता में उनके करियर को और लंबा कर दिया है।वहीं टीम को ऐसे लीडर की भी तलाश है जो धोनी की तरह टीम को जीता सके।एक रिपोर्ट के अनुसार पूर्व भारतीय कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के दिग्गज एमएस धोनी IPL के 2026 संस्करण तक भी अपने खेल करियर को आगे बढ़ा सकते हैं।सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि धोनी उनके 2026 IPL में भी खेलने की पूरी संभावना है, बशर्ते उनका शरीर फिट रहें।' धोनी ने 44 साल की उम्र में प्रदर्शन की सीमाओं को पार कर लिया है और ष्टस्ज्ञ के लिए एक लीडर और फिनिशर के रूप में अपनी भूमिका बरकरार रखी है।पिछले कुछ सीजन में उनके संन्यास को लेकर अटकलें जोरों पर रही हैं, फिर भी धोनी ने लगातार यही कहा है कि उनका फैसला उनकी फिटनेस और टीम में उनके योगदान पर निर्भर करेगा।गौर हो कि धोनी ने 278 मैचों की 242 इनिंग्स में 38.30 की औसत और 137.45 की स्ट्राइक रेट के साथ 5439 रन बनाए हैं। इसके साथ ही विकेटकीपिंग की बात करें तो उन्होंने 200 आउट किए हैं जिसमें 153 कैच और 47 स्टंपिंग शामिल हैं।इसी के साथ ही धोनी ने फील्डिंग के दौरान 18 डायरेक्ट रन आउट और 36 थ्रो रन आउट किए हैं।

## रिंकू सिंह का यूपी टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन जारी, कप्तान ने जड़ा ताबड़तोड़ अर्धशतक

स्पोर्ट्स डेस्क ।रिंकू सिंह भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के जाने-माने फिनिशर हैं और एशिया कप से पहले वह अपनी पावर-हिटिंग से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कुछ मैच पहले गोरखपुर लायंस के खिलाफ 48 गेंदों में 108 रन बनाए थे और अब लखनऊ फाल्कन्स के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 27 गेंदों में 57 रन ठोक दिए हैं।रिंकू सिंह 10वें ओवर में 73 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे।स्पिनरों के खिलाफ उनका प्रदर्शन काफी धीमा रहा, लेकिन तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।इस क्रिकेटर ने तेज गेंदबाजों की 21 गेंदों पर 46 रन बनाए।उन्होंने अपने 63 प्रतिशत रन बाउंड्री से बनाए जिसमें तीन चौके और 4 छक्के शामिल थे।उनकी पारी ने मध्य ओवर में मेरठ मावेरिक्स के स्कोर को बढ़ाया और 18वें ओवर में उनके आउट होने तक स्कोर 167 रन हो चुका था।इस प्रकार एशिया कप 2025 से पहले रिंकू सिंह अपनी लय में दिख रहे हैं और आगामी मैचों में भी इसी लय को जारी रखना चाहेंगे।रिंकू सिंह के साथ स्वास्तिक चिकारा और ऋतुराज शर्मा ने भी अर्धशतक जड़े।

## अश्विन ने आईपीएल से भी संन्यास लिया, विदेशी लीग में खेलने की संभावना

चेन्नई ।दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी है।अश्विन ने पहले ही टेस्ट को अलविदा कह दिया था।ऐसे में अब अश्विन किसी भी प्रारुप में पेशेवर क्रिकेट में नहीं दिखेंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास उन्होंने पिछले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही ले लिया था। ये अनुभवी स्पिनर आईपीएल के पिछले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से उतरा था पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में माना जा रहा था कि उनको इस बार टीम अपने साथ नहीं रखेगी, इसी को देखते हुए उन्होंने पहले ही संन्यास ले लिया। सोशल मीडिया पर अश्विन ने अपनी रिटायरमेंट की घोषणा की है। अश्विन ने लिखा, खास दिन और इसलिए एक खास शुरुआत कहते हैं हर अंत की एक नई शुरुआत होती है। एक आईपीएल क्रिकेटर के तौर पर मेरा समय आज खत्म हो रहा है पर विभिन्न लीगों में खेल के अवसर के तौर पर मेरा समय आज से शुरू हो रहा है। ऐसे में अटकलें हैं कि अब वह विदेशी लीग में खेल सकते हैं।अश्विन ने कहा, मैं सभी फ्रेंचाइज़ियों , आईपीएल और बीसीसीआई को इतने सालों की शानदार यादों और रिश्तों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, और सबसे बढ़कर को उन्होंने मेरा अभी तक साथ दिया है।अब जो भी आगे होना है मैं उसका आनंद लेने के लिए तैयार हूं। आंकड़ों पर नजर डालें तो अश्विन ने आईपीएल में कुल 187 विकेट लिए, जिससे उन्होंने पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपने करियर का समापन किया, उन्होंने पांच अलग-अलग टीमों के लिए 16 सत्र खेले हैं।



## सिंकिफील्ड कप शतरंज : प्रज्ञानन्दा और करूआना शीर्ष पर, खिताब की दौड़ अंतिम राउंड तक पहुँची

**सेंट लुईस, अमेरिका (एजेंसी)।** ग्रांड चेस टूर 2025 के पाँचवें पड़ाव सिंकिफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट का रोमांच चरम पर पहुँच गया है। आठवें राउंड के बाद भारत के आर. प्रज्ञानन्दा और अमेरिका के फबियानों करूआना संयुक्त रूप से 5 अंकों के साथ शीर्ष पर चल रहे हैं और खिताब का फैसला अब अंतिम राउंड में होगा।

आठवें राउंड में प्रज्ञानन्दा ने अमेरिका के वेसली सो के खिलाफ संतुलित खेल दिखाते हुए बाजी ड्रॉ खेली। वहीं करूआना नें फ्रांस के मकसीम वाशिए-लाग्राव से आधा अंक बाँटा। मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने अमेरिका के लेवान अरोनियन से बेहद संघर्षपूर्ण ड्रॉ खेला। इस परिणाम से अरोनियन और सो दोनों 4.5/8 पर बने हुए हैं।



दिन की सबसे बड़ी जीत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने दर्ज की। उन्होंने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को हराकर इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पोलैंड के जान-क्रिज्सटोफ डूडा और अमेरिका के सैम सेवियन के बीच, तथा अन्य मुकाबले भी बराबरी पर छूटे।

अब अंतिम राउंड में करूआना का सामना विश्व चैम्पियन गुकेश से होगा जबकि प्रज्ञानन्दा की भिड़ंत अरोनियन से होगी। तय है कि खिताब जीतने के लिए अंतिम बाजी बेहद निर्णायक साबित होगी। गुकेश जहां इस टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने सफर का अंत करना चाहेंगे और अगर वह ऐसा करते है तो प्रज्ञानन्दा ख़िताबी जीत के और करीब होंगे और साथ ही फीडे कैंडिडैट में जगह लगभग पक्की कर सकते है।

## नीरज चोपड़ा आज होने वाले डायमंड लीग फाइनल में जीत के इरादे से उतरेंगे




बर्न।भारत के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा गुरुवार को यहां स्विट्जरलैंड में होने वाले डायमंड लीग के फाइनल में जीत के इरादे से उतरेंगे। नीरज ने यहां पहले भी डायमंड लीग का खिताब जीता था। फाइनल के पहले दिन ज्यूरिख के सेचसेलौटेनप्लात्ज में शहर के प्रतिष्ठित ओपेरा हाउस के ठीक सामने एक स्ट्रीट इवेंट में पांच फील्ड स्पर्धाएं होंगी। नीरज ने इस सत्र में दो डायमंड लीग प्रतियोगिताओं में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा।दोहा में 90.23 मीटर के साथ वह दूसरे स्थान पर रहे थे।वहीं, पेरिस चरण में 88.16 मीटर के साथ पहले नंबर पर रहे थे। ??फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के बाद वह तैयारी के लिए 2025 डायमंड लीग के सिलेसिया और ब्रुसेल्स चरण से बाहर रहे थे। ज्यूरिख में होने वाले फाइनल में सात खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 10 का हिस्सा हैं, ऐसे में नीरज को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन के रूप में उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पेश करेंगे। पिछले साल उन्होंने नीरज को हराया था। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने साल की शुरुआत में ही दोहा में नीरज को पराजित किया था।इस लीग में लंदन 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट और पूर्व विश्व खिताब धारक जूलियस येगो भी शामिल होंगे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा रात 11-15 बजे शुरू होगी।

## जॉन मूनी 6 साल बाद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम में वापसी, एशिया कप से पहले मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आयरलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जॉन मूनी छह साल के अंतराल के बाद अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। बुधवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (ACB) ने घोषणा की कि मूनी को उनकी राष्ट्रीय टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है।

मूनी ने 2018 से 2019 तक अफगानिस्तान के साथ काम किया था, को शेन मैकडरमॉट के जाने के बाद यह पद खाली होने पर नियुक्त किया गया था। मैकडरमॉट वर्तमान में पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच के रूप में मार्गदर्शन कर रहे हैं। मूनी ने 91 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 2007, 2011 और 2015 के तीन आईसीसी क्रिकेट विश्व कप और दो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप शामिल हैं। उनके पास इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड से लेवल 3, 2 और 1 कोचिंग सर्टिफिकेट हैं।

अफगानिस्तान के साथ काम करने के अलावा मूनी ने 2019 में वेस्टइंडीज के साथ और इस साल जनवरी से आयरलैंड की महिला टीम के साथ भी काम किया है।ACB ने ऑस्ट्रेलिया के निर्मलन थानाबालासिंगम को अपना नया फिजियोथेरेपिस्ट भी नियुक्त किया है। थानाबालासिंगम फिजियोथेरेपी और खेल विज्ञान में एक मजबूत शैक्षिक और व्यावसायिक पृष्ठभूमि लेकर आए हैं।

उन्होंने 2010 में फिजियोथेरेपी में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की, और 2008 में सिडनी विश्वविद्यालय से व्यायाम और खेल विज्ञान में अनुप्रयुक्त विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वह ऑस्ट्रेलिया के फिजियोथेरेपी बोड में एक पंजीकृत चिकित्सक और ऑस्ट्रेलियाई फिजियोथेरेपी एसोसिएशन के एक सक्रिय सदस्य हैं। अफगानिस्तान वर्तमान में अबु धाबी में एक प्रशिक्षण और तैयारी शिविर में भाग ले रहा है, जहां वे त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें पाकिस्तान और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, साथ ही पुरुष टी20 एशिया कप 2025 भी शामिल है।



## गेमिंग एप पर प्रतिबंध से बीसीसीआई सहित कई क्रिकेटरों को हुआ करोड़ों का नुकसान

मुम्बई ।ऑनलाइन गेमिंग एप पर केन्द्र सरकार के प्रतिबंध के फैसले से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सहित कई स्टार क्रिकेटरों को करोड़ों का नुकसान हुआ है।एक अनुमान के अनुसार प्रतिबंध के फैसले से बीसीसीआई को करीब 245 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।वहीं गेमिंग एप का प्रचार कर रहे विराट कोहली से लेकर रोहित शर्मा और महेन्द्र सिंह धोनी को भी करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ है।भारत सरकार के पैसे से जुड़े सभी गेमिंग एप पर पाबंदी लगाने के बाद इन कंपनियों ने सारे विज्ञापन बंद कर दिये हैं और प्रायोजकों से भी करार समाप्त कर दिया है।इसके अलावा भी दर्जनों क्रिकेटरों को केंद्र सरकार के नए आदेश से झटका लगा है।बीसीसीआई को ड्रीम11 से प्रायोजक के तौर पर सालाना करीब 120 करोड़ रुपये मिलते थे।इसके अलावा आईपीएल का एसोसिएट प्रायोजक माय11सर्किल था, जिसके साथ करीब 125 करोड़ रुपये सत्र का अनुबंध था। इस तरह बोर्ड को करीब 250 करोड़ का नुकसान हुआ है।बीसीसीआई को हालांकि फिर भी दूसरे प्रयोजक मिल जाएंगे पर इतनी अधिक रकम मिलना संभव नहीं है।वहीं रिपोर्ट के मुताबिक, विराट, रोहित और धोनी के अलावा अन्य खिलाड़ियों को भी प्रचार के लिए करोड़ों रुपये गेमिंग कंपनियों से मिले रहे थे जो अब नहीं मिलेंगे।विराट की करें तो उनका मोबाइल प्रीमियर लीग यानी एमपीएल के साथ 10 से 12 करोड़ रुपये का करार था जबकि रोहित शर्मा का 6 से 7 करोड़ का करार डील ड्रीम11 के साथ था।इसी प्रकार धोनी को भी 6 से 7 करोड़ विंजो से मिलते थे।रोहित के अलावा जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, ऋषभ पंत और पांड्या बंधुओं के भी ड्रीम11 के साथ करोड़ों रुपयों के कारण पर जुड़े थे जबकि टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ आदि भी एक गेमिंग कंपनी माय 11 सर्कल से अनुबंधित थे।

# ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर को हुआ कैंसर, देश को जिता चुका है वर्ल्ड कप

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप जिताने वाले पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क इन दिनों जिंदगी की सबसे कठिन पारी खेल रहे हैं। क्लार्क स्किन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए बताया कि ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में यह घातक बीमारी कोई अफवाह नहीं बल्कि सच है। उन्होंने बताया कि उनकी नाक से एक और कैंसर हटाने के लिए सर्जरी हुई है और उन्होंने फैंस को सावधानी बरतने और समय पर जांच कराने की अपील भी की।

### स्किन कैंसर कोई अफवाह नहीं है, ये हकीकत है

क्लार्क ने सोशल मीडिया पर अपने हालिया ऑपरेशन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उनकी नाक से स्किन कैंसर के एक नए हिस्से को हटाया गया है। पोस्ट में क्लार्क ने बीमारी को लेकर लोगों को आगाह करते हुए लिखा, 'स्किन कैंसर कोई अफवाह नहीं है, ये हकीकत है, खासकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में। आज मेरी नाक से एक और कैंसर हटाया गया। ये एक फ्रेंडली रिमाइंडर है कि अपनी स्किन की नियमित जांच जरूर करवाएं। जल्दी पहचान ही बचाव का सबसे बड़ा तरीका है।'

### 2006 से चल रही है लड़ाई

माइकल क्लार्क को 2006 में पहली बार इस बीमारी का पता चला था। तब से अब तक वह कई बार इसके इलाज से गुज चुके हैं। यह उनका पहला ऑपरेशन नहीं है, बल्कि एक लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है जिसमें उन्होंने बार-बार स्किन कैंसर को हराने की कोशिश की है।

### क्रिकेट जगत में अकेले नहीं

क्लार्क इस बीमारी से लड़ने वाले अकेले नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने भी हाल ही में स्किन कैंसर से जूझने की बात कही थी। वहीं दिग्गज कमेंटेटर रिची बेनो की 2015 में इसी बीमारी से मौत हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया की तेज धूप और जलवायु स्किन से जुड़ी बीमारियों के लिए विशेष रूप से जोखिम भरी मानी जाती है।

### माइकल क्लार्क का क्रिकेट करियर

टेस्ट : 115 मैच, 8,643 रन, 49.10 की औसत, 28 शतक और 27 अर्धशतक, सर्वश्रेष्ठ स्कोर 329*

वनडे : 245 मैच, 7,981 रन, 44.58 की औसत, 8 शतक और 58 अर्धशतक, सर्वश्रेष्ठ स्कोर 130




टी20 अंतरराष्ट्रीय : 34 मैच, 488 रन, 21.21 की औसत

क्लार्क ने 2013-14 में एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से जीत दिलाई।

2015 में ऑस्ट्रेलिया को विश्व कप (ICC Cricket World Cup) जीतने में नेतृत्व किया।

# आईपीओ और खुदरा निवेशकों के लिए सेबी करेगा बड़ा बदलाव

### - निवेशकों की सुरक्षा होगी मजबूत

**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजार को अधिक पारदर्शी और निवेशकों के लिए सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से अहम सुधारों की घोषणा की है। सेबी के एक अे धिकारी ने बताया कि बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को आसान बनाने के लिए नियामक ने एक परामर्श पत्र जारी किया है, जिसमें अत्यधिक बड़ी कंपनियों को 25 फीसदी सार्वजनिक हिस्सेदारी बेचने की समयसीमा 5 से बढ़ाकर 10 वर्ष करने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य बड़ी कंपनियों को शेयर बाजार में लाने की प्रक्रिया सरल बनाना और निवेशकों को अधिक विकल्प देना है। फिलहाल कंपनियों को सूचीबद्ध होने के पांच वर्षों के भीतर अपनी 25 फीसदी हिस्सेदारी सार्वजनिक निवेशकों को देनी होती है। प्रस्तावित ढील से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज जैसे बड़े आईपीओ को भी लाना आसान होगा। इसके साथ ही सेबी आईपीओ के मूल्यांकन में पारदर्शिता लाने की दिशा में भी काम कर रहा है। मर्चेंट बैंकर और एंकर निवेशकों को यथार्थवादी मूल्य तय करने की सलाह दी जा रही है, ताकि लिस्टिंग के बाद शेयर की कीमतों में गिरावट न आए और खुदरा निवेशकों का भरोसा बना रहे। इसके अलावा भ्रामक निवेश सलाह और सोशल मीडिया पर चल रहे गुमराह करने वाले प्रचार पर रोक लगाने के लिए सेबी ने मेटा (फेसबुक) के साथ साझेदारी की है।




अब केवल पंजीकृत इकाइयां ही वित्तीय विज्ञापन चला सकेंगी। अन्य सोशल मीडिया मंचों के साथ भी ऐसी साझेदारी की प्रक्रिया चल रही है। इन सभी प्रयासों का मकसद शेयर बाजार को अधिक विश्वसनीय और निवेशकों के लिए सुरक्षित बनाना है।

# ई-20 पेट्रोल से बढ़ी परेशानीः माइलेज घटा, मेंटेनेंस बढ़ा

### - पुराने वाहनों में घिसावट और माइलेज की समस्याएं बढ़ीं, सर्वे में सामने आए अहम आंकड़े

**नई दिल्ली ।**

देशभर में ई-20 पेट्रोल के इस्तेमाल से वाहन मालिकों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। एक सर्वे में यह सामने आया कि ई-20 के उपयोग के बाद पुराने वाहनों में माइलेज घटने और मरम्मत की जरूरत बढ़ने लगी है। इस सर्वे में देश के 37,000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। रिपोर्ट के अनुसार, 28 फीसदी वाहन मालिकों ने बताया कि उनकी गाड़ियों में असामान्य घिसावट या मरम्मत की आवश्यकता पड़ी। वहीं, लगभग दो-तिहाई लोगों ने कहा कि उनका माइलेज पहले की तुलना में कम हो गया है। खासकर 2022 या उससे पहले खरीदी गई गाड़ियों में यह समस्या ज्यादा देखी गई। 52 फीसदी लोगों का मानना है कि यदि ई-20 पेट्रोल 20 फीसदी सस्ता और वैकल्पिक हो, तो वे इसका उपयोग करेंगे। ई-20 पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनॉल और 80 फीसदी पेट्रोल होता है। यह पर्यावरण हितैषी





ईंधन है और देश की तेल आयात निर्भरता को घटाने के लिए अहम माना जा रहा है। हालांकि, पुराने वाहन ई-10 पेट्रोल के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जिससे ई-20 का उपयोग उनके लिए समस्याजनक बन रहा है।

# भारत में पीसी की मांग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में मजबूत

**नई दिल्ली।**

ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कंज्यूमर बाजार में पीसी की मांग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से मजबूत बनी हुई है। इस साल जनवरी-जून की अवधि में पीसी मार्केट में सालाना आधार पर 5.7 प्रतिशत की वृद्धि कर 68 लाख यूनिट की बिक्री हुई है। एक रिपोर्ट में बाजार जानकार ने कहा, अगस्त में स्वतंत्रता दिवस की बिक्री और सितंबर के अंत तक शुरू होने वाले प्रमुख त्यौहारी सीजन से पहले, जुलाई से नए स्टॉक के लिए जगह बनाने के लिए कम इन्वेंट्री बनाए रखी गई। इस बीच, अप्रैल-जून की अवधि में कमर्शियल पीसी सेगमेंट में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो मजबूत उद्यम मांग के कारण संभव हो सकी। इस तिमाही में यह वृद्धि सालाना आधार पर 21.2 और 2025 की पहली छमाही में 26.4 प्रतिशत रही।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-रिटेल चैनल ने अपनी वृद्धि दर बरकरार रखी और 2025 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत और 2025 की पहली छमाही में 11.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो स्थिर ऑनलाइन मांग को दिखाती है। कंपनी एचपी ने 2025 की दूसरी तिमाही में 30.8 और 2025 की पहली छमाही में 29.9 प्रतिशत



हिस्सेदारी के साथ समग्र पीसी मार्केट में पहला स्थान हासिल किया, इसमें कंज्यूमर और कमर्शियल दोनों सेगमेंट में कंपनी का नेतृत्व बना रहा है। कमर्शियल सेगमेंट में, एचपी का 35 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर दबदबा रहा, जो विशेष रूप से आईटी/आईटीईएस क्षेत्र से मजबूत उद्यम मांग के कारण संभव हुआ। लेनोवो ने दूसरी तिमाही में 20.3 प्रतिशत और 2025 की पहली छमाही में 19.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ समग्र पीसी मार्केट में दूसरा स्थान हासिल किया।

रिपोर्ट में बताया गया हैं कि गेमिंग नोटबुक की बढ़ती लोकप्रियता और ई-रिटेल चैनलों के माध्यम से मजबूत मांग के कारण विक्रेता के कंज्यूमर सेगमेंट में सालाना आधार पर 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एआई नोटबुक अपनाने में तेजी जारी रही, पहली छमाही में सालाना आधार पर 145.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बेसिक एआई नोटबुक सेगमेंट में अग्रणी रहे, जिनकी 2025 की पहली छमाही में कुल एआई नोटबुक शिपमेंट में 88.1 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

# नई मिडसाइज एसयूवी मारुति वाय17 जल्द होगी लांच



**नई दिल्ली ।**

भारतीय ग्राहकां के रुझान को देखते हुए ऑटोमोबाइल कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों को लॉन्च करने में आगे बढ़ रही थीं, वहीं अब ब्रांड्स का ध्यान हाइब्रिड टेक्नोलॉजी की ओर ज्यादा केंद्रित है। इसकी प्रमुख वजह हाइब्रिड गाड़ियों का इलेक्ट्रिक वाहनों की तुलना में किफायती होना हैं। ये गाडियां लंबी दूरी की चिंता भी खत्म कर देती हैं। यही वजह है कि अगले कुछ महीनों में देश की सड़कों पर कई नई हाइब्रिड एसयूवी दिखाई देंगी। मारुति सुजुकी अपनी नई मिडसाइज एसयूवी मारुति वाय17 (ईस्कूडो) को 3 सितंबर को लॉन्च करेगी। यह ग्रैंड विटारा पर आधारित होगी और इसमें 1.5 लीटर पेट्रोल, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और सीएनजी विकल्प मिलेंगे। इसका सीधा मुकाबला हुंडई क्रेटा और किआ सेल्टोस जैसी लोकप्रिय गाड़ियों से होगा। महिंद्रा भी अपनी नई एक्सयूवी 3एक्सओ हाइब्रिड पेश करने की योजना बना रही है, जिसे 2026 में बाजार में उतारा जाएगा। इसी तरह रेनॉल्ट भी अपनी डस्टर का हाइब्रिड वर्जन लाने की तैयारी में है। यह मॉडल सीएमएफ -बी प्लेटफॉर्म पर तैयार होगा और इसमें 1.6 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ दो इलेक्ट्रिक मोटर्स शामिल किए जा सकते हैं।

होंडा भी अपनी पॉपुलर सिटी की हाइब्रिड टेक्नोलॉजी को एसयूवी सेगमेंट में लाते हुए 2026 में एलिवेट हाइब्रिड लॉन्च करेगी, जिसे राजस्थान में तैयार किया जाएगा। सबसे बड़ी चर्चा मारुति की फ्रोंक्स फेसलिफ्ट हाइब्रिड को लेकर है, जो 2026 में लॉन्च होगी। इसमें कंपनी का खुद का विकसित सीरीज हाइब्रिड इंजन मिलेगा। खासियत यह होगी कि 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन केवल बैटरी चार्ज करेगा और कार इलेक्ट्रिक मोटर पर चलेगी।

# अमेरिकी शुल्क पश्चिम बंगाल की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर

### - निर्यातक क्षेत्रों को इस फैसले से भारी नुकसान होने की आशंका

**कोलकाता ।**

अमेरिका ने रूस से तेल की खरीद के चलते भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू कर दिया है, जिससे कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है। यह कदम खासतौर पर पश्चिम बंगाल की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। राज्य के श्रम-प्रधान चमड़ा, इंजीनियरिंग और समुद्री उत्पाद निर्यातक क्षेत्रों को इस फैसले से भारी नुकसान होने की आशंका है। पश्चिम बंगाल भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। राज्य के उत्तर और दक्षिण 24-परगना तथा पूर्व मेदिनीपुर जिले से झींगा उत्पाद अमेरिका को निर्यात किए जाते हैं। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के अनुसार, राज्य से अमेरिका को होने वाले 8,000 करोड़ रुपये के निर्यात में से करीब 5,000-6,000 करोड़ रुपये के समुद्री उत्पादों पर इस अतिरिक्त शुल्क का सीधा असर होगा। कोलकाता के बंताला चमड़ा केंद्र में पांच लाख से अधिक लोग काम करते हैं। भारतीय चमड़ा उत्पाद संघ के वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि अमेरिका भारत के चमड़ा निर्यात का सबसे बड़ा बाजार



है, और 50 प्रतिशत शुल्क वृद्धि से इस उद्योग को गंभीर नुकसान होगा। इसके परिणामस्वरूप लगभग 7,000 से 10,000 नौकरियां खतरे में आ सकती हैं।

## ओपनएआई ने भारत में खोला पहला ऑफिस, निकाली तीन महत्वपूर्ण भर्ती

**नई दिल्ली ।** विश्व की अग्रणी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई ने भारत में अपना पहला ऑफिस खोलने का ऐलान किया है। कंपनी अपनी टीम का विस्तार करने के लिए सक्रिय रूप से तीन पदों पर भर्ती कर रही है। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन अगले महीने भारत का दौरा करेंगे, जो उनकी इस साल की दूसरी भारत यात्रा होगी। ओपनएआई ने फिलहाल तीन अकाउंट डायरेक्टर पदों के लिए भर्ती निकाली है, जो सेल्स विभाग से संबंधित हैं। इन पदों के नाम हैं- अकाउंट डायरेक्टर, डिजिटल नेटिव्स, अकाउंट डायरेक्टर, स्ट्रैटेजिक्स एवं अकाउंट डायरेक्टर, लार्ज एंटरप्राइज। इन भूमिकाओं में तकनीकी समझ, साझेदारी विकसित करने और रणनीति बनाने का काम शामिल होगा। चयनित उम्मीदवार ग्राहकों को यह समझाने में मदद करेंगे कि एआई कैसे उनके व्यवसाय को बदल सकता है और बेहतर बना सकता है। इन पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवार ओपनएआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर करियर सेक्शन में इं डिय चुन सकते हैं। वहां पदों का विवरण मिलेगा। उपयुक्त पद चुनकर एप्लाई नाउ पर क्लिक कर नाम, ईमेल, फोन नंबर, वर्तमान लोकेशन और रिज्यूमे सबमिट किया जा सकता है।



## अमेरिकी शुल्क बढने से भारत में निवेश पर दबाव- रेटिंग एजेंसी

**कोलकाता ।** एक रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क से वित्त वर्ष 2025-26 में पूंजीगत व्यय को नया झटका लग सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेशानुसार, रूस से तेल खरीद पर भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क बुधवार से प्रभावी हो गया, जिससे कुल शुल्क 50 फीसदी हो गया। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हो सकती है, जबकि निजी कॉर्पोरेट पूंजीगत व्यय धीमा बना हुआ है। क्रिसिल ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और पूर्वानुमानित नीतियों को निवेशकों का विश्वास बढ़ाने का रास्ता बताया है। भारत पर यह शुल्क बांग्लादेश, वियतनाम और इंडोनेशिया की तुलना में अधिक है। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और घरेलू चुनौतियां भी निजी निवेश को प्रभावित कर रही हैं। ब्रिटेन के साथ नए व्यापार समझौते और बड़ी कंपनियों की निवेश क्षमता से उम्मीदें बनी हुई हैं।

## जॉगले ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक से मिलाया हाथ

**मुंबई ।** जॉगले प्रीपेड ओ सिन सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की कि उसने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के साथ एक पांच साल के रेफरल समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत जॉगले बैंक के कॉरपोरेट ग्राहकों को अपना प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। यह सौदा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के विनियम 30 के अंतर्गत किया गया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि प्रमोटर या समूह कंपनियों की इस सौदे में कोई हिस्सेदारी नहीं है और यह एक आर्म्स लेंथ ट्रांजेक्शन है। जॉगले के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस जानकारी को डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित कर आधिकारिक तौर पर जारी किया। इस साझेदारी से स्टैंडर्ड चार्टर्ड के कॉरपोरेट ग्राहक अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित प्रीपेड भुगतान सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

## व्यापार समझौते को लेकर जल्द निकलेगा समाधान

**रेस्टन ।** अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर कुल 50 फीसदी कस्टम ड्यूटी लागू कर दी है, जिसमें से आधा शुल्क पहले ही 7 अगस्त से लागू था और बाकी बुधवार को प्रभावी हो जाएगा। इससे भारत-अमेरिका के व्यापारिक रिश्तों में तनाव बढ़ा है। पूर्व विदेश सचिव और राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने वर्जीनिया में कहा कि यह स्थिति अस्थायी है और दोनों देश जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत इस टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए ऑस्ट्रेलिया, यूएई, ब्रिटेन के साथ समझौते कर रहा है, जबकि यूरोपीय संघ के साथ समझौता अंतिम चरण में है। भारत के ये कदम नए बाजारों तक पहुंच बढ़ाने और व्यापार को विविधता देने के लिए हैं। इससे दोनों देशों के संबंधों की बुनियाद कमजोर नहीं होगी और भविष्य में सुधार संभव है।

## हिन्दुजा ग्रुप की कंपनी दे रही सबसे बड़ा फाइनल डिविडेंड

**नई दिल्ली ।** हिन्दुजा ग्रुप की कंपनी गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 28 रुपए प्रति शेयर (1400 फीसदी) फाइनल डिविडेंड घोषित किया है, जो कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड है। कंपनी ने शेयरधारकों के लिए रिकॉर्ड डेट 19 सितंबर तय की है, जिससे पहले तक शेयर रखने होंगे ताकि डिविडेंड मिल सके। यह डिविडेंड एजीएम में मंजूरी के बाद जारी किया जाएगा। कंपनी ने फरवरी 2025 में 20 रुपए का इंटरिम डिविडेंड भी दिया था। 26 अगस्त को कंपनी का मार्केट कैप 6,144.24 करोड़ रुपए था और शेयर 1,245.40 पर बंद हुआ। पिछले एक साल में शेयर 10% गिरा है, लेकिन 2 से 5 साल के दौरान शेयर ने 78 फीसदी से 171 फीसदी तक की बढ़त दर्ज की है। गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स लगातार निवेशकों को अच्छा रिटर्न दे रही है।

## ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम का 2025-26 में 22 फीसदी राजस्व वृद्धि का लक्ष्य

### - कर्ज मुक्त होने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।**

चेन्नई की प्रमुख कृषि रसायन कंपनी ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम ने वित्त वर्ष 2025-26 में 2,200 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वर्ष के 1,800 करोड़ रुपये की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने बताया कि अनुकूल मानसून और पेटेंट उत्पादों की मजबूत मांग इस वृद्धि के मुख्य कारण होंगे। कंपनी ने धान की फसलों के लिए तना छेदक एवं पत्ती मोड़क कीट के नियंत्रण हेतु 'स्टेम ली' नामक पेटेंट उत्पाद लॉन्च किया है, जिसकी बिक्री इस वर्ष 100 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी अगले वित्त वर्ष तक पूरी तरह कर्ज मुक्त हो जाएगी। ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम अपने विस्तार योजनाओं के लिए आंतरिक संसाधनों का उपयोग करेगी, जिससे कंपनी वित्तीय स्थिरता हासिल कर सकेगी। कंपनी सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की बजाय निजी इक्विटी वित्त पोषण की दिशा में कदम बढ़ा रही है। संभावित निवेशकों के साथ बातचीत शुरू हो गई है और इस रणनीति से कंपनी को लचीला वित्तीय सहयोग मिलने की उम्मीद है। ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम, बायर, सिंजेन्टा और यूपीएल जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है। कंपनी का मानना है कि उत्पाद नवाचार और मानसून की स्थिति के बावजूद कृषि क्षेत्र में मांग बनी रहेगी, जिससे उसका कारोबार तेजी से बढ़ेगा।

# रॉयल एनफील्ड का फोकस अब नए सेगमेंट्स और पावरफुल इंजनों पर

**नई दिल्ली ।**

भारतीय मोटरसाइकिल बाजार को रॉयल एनफील्ड नया आयाम देने की तैयारी कर रही है। अब कंपनी का फोकस नए सेगमेंट्स और पावरफुल इंजनों पर है। कंपनी 450सीसी फैमिली को और बड़ा करने पर जोर दे रही है, क्योंकि यह सेगमेंट फिलहाल युवाओं और राइडर्स के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसके साथ ही कंपनी 650सीसी से 750सीसी कैटेगरी में भी नई मोटरसाइकिल्स पर काम कर रही है, जिससे ग्राहकों के पास और ज्यादा विकल्प होंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी 450सीसी प्लेटफॉर्म पर एक नई कैफे रेसर बाइक विकसित कर रही है, जो 2026-27 तक लॉन्च हो सकती है। इसे ट्रायम्फ की नई थ्रक्सटन 400 के मुकाबले उतारा जाएगा। इसके अलावा रॉयल एनफील्ड अपनी लोकप्रिय बुलेट सीरीज का विस्तार करते हुए बुलेट 650 टवीन लाने की योजना में है। यह बाइक ज्यादा पावरफुल होगी और ट्विन-सिलेंडर इंजन के साथ किफायती प्राइसिंग में उपलब्ध कराई




जाएगी। कंपनी 350सीसी सीरीज, जिसमें बुलेट 350 और मिटीयोर 350 शामिल हैं, को भी नए रंग और ग्राफिक्स के साथ रिफ्रेश करने की तैयारी कर रही है। वहीं, चेन्नई-बेस्ड यह ब्रांड 750सीसी के नए इंजन प्लेटफॉर्म (कोडनेम आर) पर भी काम कर रहा है। इस प्लेटफॉर्म से सबसे पहले कांटीनेंटल जीटी-आर पेश की जाएगी, जो कैफे रेसर स्टाइल में बाजार में उतरेगी। पेट्रोल इंजन के अलावा रॉयल एनफील्ड इलेक्ट्रिक सेगमेंट पर भी तेजी से कदम बढ़ा रही है। कंपनी जल्द ही अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक फलाईंग फलेआ सी6 लॉन्च कर सकती है।

इसके बाद इलेक्ट्रिक स्क्रैम्बलर और इलेक्ट्रिक हिमालयन जैसे मॉडल भी लाइनअप में शामिल होंगे।

# टीसीएस ने एआई और सर्विस ट्रांसफॉर्मेशन के लिए नई यूनिट बनाई

### - नई यूनिट की कमान अमित कपूर के हाथ

**नई दिल्ली ।**

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सर्विस ट्रांसफॉर्मेशन को मजबूत करने के लिए एक नया यूनिट स्थापित किया है। इस यूनिट की जिम्मेदारी अमित कपूर को सौंपी गई है, जो वर्तमान में कंपनी के यूके और आयरलैंड बिजनेस के प्रमुख हैं। वे 1 सितंबर से चीफ एआई और सर्विस ट्रांसफॉर्मेशन ऑफिसर के रूप में कार्यभार संभालेंगे और सीधे सीओओ आरथी सुब्रमणियन को रिपोर्ट करेंगे। यह निर्णय टीसीएस द्वारा हाल ही में अपनी वैश्विक कार्यबल का लगभग 2 फीसदी कर्मचारियों को हटाने की घोषणा के एक महीने बाद आया है। कंपनी का उद्देश्य एआई-प्रधान बिजनेस मॉडल की ओर तेजी से बढ़ना और खुद को इस नई तकनीकी क्रांति के लिए तैयार करना है। इस नए यूनिट में टीसीएस की सभी एआई टीमें और क्षमताएं समाहित होंगी, जो हॉरिजॉन्टल सर्विस यूनिट्स और इंडस्ट्री बिजनेस ग्रुप्स के साथ मिलकर काम करेंगी। आरथी सुब्रमणियन ने बताया कि कंपनी अपने टीसीएस पेस पोर्ट में निवेश को फिर से आकार देगी ताकि ग्राहकों को एआई की वास्तविक दुनिया की संभावनाएं दिखा सकें।




इस पहल का लक्ष्य सेवा प्रस्तावों को और मजबूत करना, एआई-डोमेन सॉल्यूशंस को गहरा करना, नए पार्टनरशिप इकोसिस्टम का निर्माण करना और एआई-समर्थित तकनीकी सेवाओं में तेजी लाना है। यह नया यूनिट नवाचार को प्रोत्साहित करेगा और क्लाइंट एंगेजमेंट को आसान बनाएगा। इसके साथ ही डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की गति को भी तेज किया जाएगा, जिससे टीसीएस वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता को और बढ़ा सकेगा। इस तरह कंपनी एआई के जरिये भविष्य के लिए अपनी रणनीति को सशक्त कर रही है।

## एप्पल का बड़ा ग्लोबल इवेंट 9 सितंबर को, लॉन्च होंगी 17 सीरीज

**नई दिल्ली ।**

टेक्नोलॉजी की दुनिया के दिग्गज एप्पल का अगला बड़ा ग्लोबल इवेंट 9 सितंबर को कैलिफोर्निया के एप्पल पार्क में स्टीव जॉब्स थिएटर में होने जा रहा है। इस साल की टैगलाइन ऑ ड्रॉपिंग रखी गई है। इस इवेंट में कंपनी आइफोन 17 लाइनअप और कई नए प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने के लिए तैयार है। कंपनी इस बार आईफोन 17 के तीन मॉडल पेश कर सकती है। एक बेस मॉडल, एक प्रो मॉडल और एक नया आईफोन 17 एयर जो प्लस मॉडल की जगह लेगा। आईफोन 17 एयर की थिकनेस केवल 5.5 मिमी हो सकती है, जो इसे बेहद स्लिम बनाएगी। बेस आईफोन 17 में 6.3 इंच की बड़ी स्क्रीन मिलेगी, जिसका रिफ्रेश रेट 120 हट्र्ज होगा, जो पिछली पीढ़ी के 60 हट्र्ज से बेहतर है। इवेंट में एप्पल वाच सीरीज 11, अल्ट्रा 3 और एसई 3 के नए वर्जन भी पेश किए जा सकते हैं। खासतौर पर एप्पल वाच अल्ट्रा 3 में बड़ी स्क्रीन और फास्ट चार्जिंग की सुविधा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही, कंपनी एयरपोड प्रो 3 को भी लॉन्च कर सकती है। यह इवेंट एप्पल के लिए अपने सॉफ्टवेयर और एआई फीचर्स के अपग्रेड का भी मौका होगा, जिसमें लिक्विड ग्लास तकनीक और सिरी के लिए नए एआई अपडेट शामिल हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 28 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in



# इस रिएलिटी शो में नजर आएंगे अर्जुन बिजलानी

**टीवी इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। 'मिले जब हम तुम', 'लेफ्ट राइट लेफ्ट' और 'नागिन' जैसे लोकप्रिय शोज में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके अर्जुन अब एक नए रियलिटी शो का हिस्सा बनने जा रहे हैं। शो का नाम है 'राइज एंड फॉल', जिसे सितंबर में अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम किया जाएगा।**

इंस्टाग्राम पर शेयर किया इमोशनल वीडियो अर्जुन बिजलानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया था, जिसने उनके फैंस को सोचने पर मजबूर कर दिया। वीडियो में अर्जुन अपनी पत्नी नेहा और बेटे अयान का जिक्र करते हुए कहते हैं कि उन्हें एक मुश्किल फैसला लेना पड़ा है और अब वो एक अलग रास्ते पर बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपने परिवार का हमेशा साथ देने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह निर्णय उनके लिए आसान नहीं था। वीडियो के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा तेज हो गई। कई लोगों ने इसे उनके निजी जीवन से जोड़ दिया और अलगाव की अटकलें भी लगाईं। लेकिन बाद में साफ हुआ कि यह वीडियो असल में उनके आने वाले शो 'राइज़ एंड फॉल' से जुड़ा था।

'राइज एंड फॉल' एक हाई-वोल्टेज रियलिटी शो है जिसमें 16 कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे। शो का फॉर्मेट पावर और स्ट्रैटेजी पर आधारित है। इसमें कंटेस्टेंट्स को दो वर्गों में बांटा जाएगा- शासक और कामगार। शासकों के पास अधिकार और फैसले लेने की ताकत होगी, जबकि कामगारों को उनका पालन करना होगा। लेकिन इस खेल में सत्ता स्थायी नहीं है। किसी भी वक्त शासक कामगार बन सकता है और कामगार शासक। इस तरह शो में लगातार ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने को मिलेंगे।

## अर्जुन बिजलानी के लिए नया चैलेंज

अर्जुन बिजलानी लंबे समय से टीवी इंडस्ट्री का हिस्सा रहे हैं और उन्होंने रोमांस से लेकर थ्रिलर और रियलिटी शोज तक हर फॉर्मेट में अपनी छाप छोड़ी है। लेकिन 'राइज एंड फॉल' उनके करियर का एक बिल्कुल नया मोड़ है। यह शो न केवल उनकी रणनीतिक सोच बल्कि धैर्य की भी परीक्षा लेगा।



# रागिनी एमएमएस 3 में तमन्ना की एंट्री

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों लगातार फिल्में साइन कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने अजय देवगन की रेड 2 में स्पेशल अपीयरेंस दिया था और अब रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एकता कपूर की सबसे चर्चित हॉरर-थ्रिलर फ्रैंचाइजी रागिनी एमएमएस 3 के तीसरे पार्ट में नजर आ सकती हैं। अगर सब कुछ तय होता है तो यह तमन्ना के करियर का सबसे अलग और बोल्ड प्रोजेक्ट साबित हो सकता है।

## तमन्ना ने साइन की रागिनी एमएमएस 3

रिपोर्ट की मानें तो एकता कपूर काफी समय से रागिनी एमएमएस 3 को बनाने की प्लानिंग कर रही थीं। लंबे ब्रेनस्टॉर्मिंग के बाद अब उन्हें ऐसा सब्जेक्ट मिल गया है जो इस हॉरर यूनिवर्स के साथ पूरी तरह मेल खाता है। कहा जा रहा है कि फिल्म का शूटिंग शेड्यूल 2025 के आखिर में शुरू होगा। सूत्रों के मुताबिक, तमन्ना से इस फिल्म को लेकर बातचीत उनकी आने वाली फिल्म वीवन के सेट पर हुई थी, जहां उन्होंने स्क्रिप्ट सुनकर फिल्म को हां कर दिया है। खबरें ये भी हैं कि फिल्म सिर्फ डर और थ्रिल तक सीमित नहीं होगी बल्कि इसमें म्यूजिक और ग्लैमर का तड़का भी लगेगा। मेकर्स ऐसा चार्टबस्टर सॉन्ग तैयार करने की कोशिश में हैं जो पूरे देश में धूम मचा दे। हालांकि इसे लेकर कोई ऑफिशियल ऐलान नहीं हुआ है। साल 2011 में रिलीज हुई पहली रागिनी एमएमएस में राजकुमार राव और कैनाज मोटिवाला लीड में थे। फिल्म को दर्शकों ने हॉरर और थ्रिल के नए कॉम्बिनेशन के तौर पर सराहा। इसके बाद 2014 में आई दूसरी किस्त रागिनी एमएमएस 2, जिसमें सनी लियोनी नजर आईं। यह फिल्म भी हिट रही और इसके गाने लंबे समय तक पार्टी चार्ट पर छाए रहे। अब पूरे दस साल बाद एकता कपूर इस फ्रैंचाइजी को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं और तमन्ना को इसके लिए एकदम परफेक्ट फिट माना जा रहा है।

### तमन्ना के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

तमन्ना के पास इस वक्त कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वह विशाल भारद्वाज की फिल्म रोमियो में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। वहीं एक्शन स्टार जॉन अब्राहम के साथ भी उनका एक प्रोजेक्ट पाइपलाइन में है। सबसे चर्चित फिल्म उनकी वीवन है जिसमें वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले ही तय हो चुकी है और यह 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# मेरी हर फिल्म ने मुझे एक अलग अनुभव दिया

अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने अपने फिल्मी करियर में कई तरह की फिल्मों में काम किया है, जिनमें से कुछ ने दर्शकों का दिल जीता, तो कुछ बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाईं। लेकिन, तनीषा का मानना है कि उनकी हर फिल्म ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया। अपनी फिल्मी यात्रा के बारे में बात करते हुए तनीषा ने कहा, मैंने जितनी भी फिल्में की हैं, हर एक ने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है। चाहे वो भावनाओं से भरी फिल्म टैंगो चार्ली हो, मस्ती भरी फिल्में पॉपकॉर्न या नील एन निक्की या फिर कॉमेडी जैसी 123, हर फिल्म का अनुभव अलग रहा। सरकार जैसी फिल्म मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था, जहां मैंने राजनीति पर बनी कहानी में शानदार कलाकारों के साथ काम किया। अभिनेत्री के करियर की तो उन्होंने फिल्म टैंगो चार्ली में बॉबी देओल के अपोजिट लच्छी का किरदार निभाया था, जो एक साधारण और गहरी भावनाओं वाली भूमिका थी। यह फिल्म जंग और फर्ज की सच्चाइयों पर आधारित थी। पॉपकॉर्न... में तनीषा ने एक कॉलेज थीम वाली फिल्म में युवा जोश को जीवंत किया था। प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस द्वारा निर्मित इस फिल्म में उनका चुलबुला अंदाज और बेफिक्र किरदार दर्शकों को खूब भाया। यह फिल्म आज भी युवा ऊर्जा और कॉलेज जीवन की मस्ती को दर्शाती है। नील एन निक्की में तनीषा ने आधुनिक रोमांस की दुनिया में कदम रखा था। यह फिल्म यात्रा, संगीत और युवा आकर्षण से भरी थी। तनीषा ने अपने किरदार को रंगीन और जीवंत अंदाज में पेश किया, जो आज भी समकालीन रोमांस का प्रतीक है। वहीं, सरकार में तनीषा ने अपनी छाप छोड़ी। इस फिल्म में उन्होंने अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों के साथ स्क्रीन साझा की। जटिल कहानी और गहरे किरदारों के बीच उनका अभिनय उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है, जो आज भी प्रशंसनीय है।



# वरुण-जान्हवी की फिल्म की शूटिंग हुई खत्म

वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ स्टारर फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग आखिरकार पूरी हो चुकी है। फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है, जो पहले भी वरुण धवन के साथ हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया जैसी सफल फिल्में बना चुके हैं।

## रैप-अप फोटो से हुआ ऐलान

फिल्म के सेट से शूटिंग खत्म होने की घोषणा बड़े ही खास अंदाज में की गई। पूरी स्टारकास्ट ने एक साथ टीम फोटो क्लिक करवाई, जिसमें सभी कलाकार खास टी-शर्ट पहने दिखाई दिए। इस फोटो को रोहित सराफ ने सोशल मीडिया पर साझा किया और लिखा कि इस फिल्म को बनाते समय पूरी टीम ने बहुत मस्ती की और दर्शकों को भी यह फिल्म खूब पसंद आएगी। वरुण धवन ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पर्दे के पीछे की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें करण जौहर और डायरेक्टर शशांक खेतान भी नजर आए। वरुण ने कैप्शन में लिखा कि ये फिल्म पूरी हो चुकी है और वह एक बार फिर शशांक खेतान के निर्देशन में दर्शकों से मिलने आ रहे हैं। उन्होंने रिलीज डेट का भी जिक्र किया और बताया कि फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## जान्हवी और सान्या संग वरुण की नई केमिस्ट्री

फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शकों के बीच इसकी काफी चर्चा रही है। वरुण और जान्हवी इससे पहले भी साथ नजर आ चुके हैं, लेकिन इस बार उनकी जोड़ी रोमांटिक कॉमेडी में नए अंदाज में दिखाई देगी। वहीं, सान्या मल्होत्रा की मौजूदगी फिल्म में ताजगी लाने वाली है। रोहित सराफ, मनीष पॉल और अक्षय ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे


## बॉक्स ऑफिस पर होगा टकराव

दिलचस्प बात यह है कि सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की रिलीज डेट पहले से ही चर्चा में है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी और इसी दिन कांतारा- चैप्टर 1 भी सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। दोनों फिल्मों की भिड़ंत से बॉक्स ऑफिस पर जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा। निर्देशक शशांक खेतान और वरुण धवन की जोड़ी पहले भी दर्शकों को एंटरटेन कर चुकी है। हंप्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया दोनों ही फिल्में हिट साबित हुई थीं। ऐसे में दर्शकों को इस तीसरे प्रोजेक्ट से भी बड़ी उम्मीदें हैं।



# 30 साल बाद रजनीकांत के साथ काम करेंगे मिथुन

वेटेरन एक्टर मिथुन चक्रवर्ती 75 साल की उम्र में भी फिल्मों में लगातार सक्रिय हैं। वो जल्द ही विवेक अग्निहोत्री की आगामी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' में नजर आएंगे। इसके अलावा मिथुन चक्रवर्ती की पाइपलाइन में साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' भी है। इसको लेकर पिछले काफी वक्त से चर्चा चल रही थी। बातचीत के दौरान मिथुन चक्रवर्ती ने इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए बताया है कि वो रजनीकांत के साथ फिल्म 'जेलर 2' में नजर आने वाले हैं। रजनीकांत के साथ अपनी दोस्ती और बॉन्डिंग को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी और रजनी की दोस्ती बहुत पुरानी है। हम अलग-अलग भाषाओं और इंडस्ट्री से आते हैं, लेकिन दिल से हमेशा जुड़े रहे। हाल ही में हम एक कार्यक्रम में मिले। रजनी ने मजाक में कहा कि अब हमें साथ कुछ करना चाहिए। मैंने उसी वक्त हां कह दिया। यह सिर्फ फिल्म नहीं बल्कि दो दोस्तों का मिलन है।रजनीकांत और मिथुन चक्रवर्ती लगभग 30 साल बाद एक साथ नजर आने वाले हैं। दोनों इससे पहले आखिरी बार साल 1995 में आई बंगाली भाषा की फिल्म 'भाग्य देवता' में नजर आए थे। इस फिल्म में रजनीकांत का स्पेशल अपीयरेंस था और यह उनकी एकमात्र बंगाली फिल्म भी है।





# अल्लू की AA22XA6 में राम्या कृष्णन की एंट्री
# पहली बार साथ में करेंगे काम

**बाहुबली में राजमाता शिवगामी का दमदार किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुईं दिग्गज अभिनेत्री राम्या कृष्णन अब अल्लू अर्जुन की अगली धमाकेदार फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में उनका रोल काफी अहम बताया जा रहा है। राम्या की कास्टिंग से इस फिल्म की स्टार कास्ट और भी ज्यादा दमदार हो गई है, जिसमें पहले से ही दीपिका पादुकोण, मृणाल ठाकुर, रश्मिका मंदाना और जाह्नवी कपूर जैसे बड़े नाम शामिल हैं। यह पहला मौका होगा जब राम्या, अल्लू अर्जुन और डायरेक्टर एटली तीनों के साथ काम करेंगे। सूत्रों के अनुसार, वो जल्द ही फिल्म के आने वाले शूटिंग शेड्यूल में शामिल होंगी।**

## फिल्म की कहानी एक पैरेलल यूनिवर्स में सेट है

AA22XA6 को एक हाई-कॉन्सेप्ट एक्शन फिल्म के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसकी कहानी एक पैरेलल यूनिवर्स में सेट है। फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और इसे हॉलीवुड स्तर का बनाने की कोशिश की जा रही है। फिल्म की शूटिंग जून में मुंबई में शुरू हो गई थी, जहां अल्लू और मृणाल कुछ एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म का बजट बहुत बड़ा है और इसे 2026 के अंत तक दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज करने की प्लानिंग है।

## लॉस एंजिल्स की टॉप VFX कंपनियां संभाल रहीं काम

फिल्म के एक्शन को और भी शानदार बनाने के लिए, एटली ने हॉलीवुड के जाने-माने स्टंट कोरियोग्राफर्स को भी टीम में शामिल किया है, जिसमें फास्ट एंड फ्यूरियस और कैप्टन अमेरिका सिविली वॉर जैसी फिल्मों के लिए काम कर चुके स्पिरो रजाटोस भी शामिल हैं। फिल्म में स्पेशल इफेक्ट्स का काम लॉस एंजिल्स की टॉप VFX कंपनियां संभाल रही हैं, ताकि दर्शकों को एक शानदार विजुअल अनुभव मिल सके। म्यूजिक की बात करें तो, इस बार एटली ने अपने पुराने और भरोसेमंद साथी अनिरुद्ध रविचंदर के बजाय पिछले साल के वायरल हिट कैची सेरा के म्यूजिशियन साई अभ्यंकर पर भरोसा जताया है। वहीं अल्लू की आने वाली अन्य फिल्मों में पुष्पा 3 भी है। अल्लू इस समय अपनी कई बड़ी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में हैं। AA22XA6 के अलावा, उनकी और भी कई फिल्में पाइपलाइन में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुष्पा 3- द रैम्पेज 2026 में रिलीज हो सकती है। पुष्पा 3 में अल्लू एक बार फिर पुष्पा राज के किरदार में नजर आएंगे।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in